हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

www.naisochlive.com | पटना, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025, वर्ष- 08, अंक- 05, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

पेज : 08

सलाम-ए-इश्क में एक सीन करने के दौरान डर गईं थीं अंजना सुखानी बोलीं- जबरदस्ती...



## ढाका से दुबई के लिए उड़ी फ्लाइट में आई तकनीकी खराबी, नागपुर में कराई लैंडिंग



**एजेंसी, नागपुर।** ढाका से दुबई जा रहे बांग्लादेशी एयरलाइंस के विमान में तकनीकी खराबी आने से महाराष्ट्र के नागपुर एयरपोर्ट पर आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस विमान में 396 यात्री और 12 क्रू मेंबर सवार थे। गुरुवार को अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक इस मामले को लेकर नागपुर हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि तकनीकी समस्या के चलते बुधवार आधी रात को विमान का मार्ग बदल दिया गया था और इसे नागपुर में लैंड करवाया गया। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि बांग्लादेश एयरलाइंस के इस विमान में 396 यात्री और 12 क्रू मेंबर शामिल थे। आपातकालीन लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों को कंपनी के दूसरे विमान से उनकी मंजिल तक पहुंचाया। बांग्लादेश एयरलाइंस का यह विमान ढाका से दुबई जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही इसमें तकनीकी खराबी की सूचना मिली। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विमान की आपातकालीन लैंडिंग करवाई गई। हालांकि तकनीकी खराबी की जानकारी समय पर मिलने से बड़ा हादसा टल गया।

## नई दिल्ली, वाराणसी और अयोध्या स्टेशनों पर बनेंगे स्थायी होल्डिंग एरिया



**एजेंसी, नई दिल्ली ।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रेल इंडिया तकनीकी और आर्थिक सेवा (आरआईटीईएस) को नई दिल्ली, आनंद विहार, गाजियाबाद, वाराणसी और अयोध्या में स्थायी होल्डिंग एरिया डिजाइन करने का काम सौंपा गया है। दरअसल, रेलवे मंत्री वैष्णव ने रेल इंडिया तकनीकी और आर्थिक सेवा के अध्यक्ष राहुल मित्तल के साथ बैठक की, जिसमें रेल इंडिया तकनीकी और आर्थिक सेवा टीम को स्थायी होल्डिंग एरिया डिजाइन करने का काम दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक स्थायी होल्डिंग एरिया डिजाइन का मॉडल तैयार होने के बाद इसे 60 हाई डेंसिटी वाले रेलवे स्टेशनों में इसका विस्तार किया जाएगा। इन स्टेशनों पर सभी अनधिकृत प्रवेश बिंदुओं को बंद किया जाएगा। ये होल्डिंग क्षेत्र अमृत स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यक्रम के साथ एकीकृत किए जाएंगे। बता दें पीएम मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत स्टेशनों पर यात्रियों के लिए स्वच्छता, मुफ्त वाई-फाई, दिव्यांगजनों के लिए विशेष इंतजाम, स्थानीय उत्पादों के कियोस्क और पर्यावरण-अनुकूल जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

## सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ सत्येंद्र जैन की आपराधिक मानहानि याचिका खारिज




**एजेंसी, नई दिल्ली।** राऊज एवेन्यू कोर्ट की एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की ओर से नई दिल्ली सीट से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने 13 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। बांसुरी स्वराज ने अपने जवाब में सत्येंद्र जैन की याचिका को राजनीति से प्रेरित बताया था। सत्येंद्र जैन ने याचिका दायर कर कहा था कि बांसुरी स्वराज ने अपने बयान में कहा था कि उनके घर से तीन करोड़ रुपये, 1.8 किलोग्राम सोना और 133 सोने के सिक्के मिले थे। याचिका में कहा गया था कि बांसुरी स्वराज ने 5 अक्टूबर, 2023 को टीवी चैनल पर प्रसारित एक इंटरव्यू में उनकी छवि खराब करने वाले बयान दिए थे। इस बयान में बांसुरी स्वराज ने सत्येंद्र जैन को भ्रष्ट और फर्जी करार दिया था। ये बयान झूठे थे, जिसका सच्चाई से कोई लेना-देना नहीं था। सत्येंद्र जैन ने याचिका में कहा था कि बांसुरी स्वराज का ये बयान उन्हें बदनाम करने के लिए दिया गया था। इस बयान के जरिये बांसुरी स्वराज बेजा राजनीतिक लाभ लेना चाहती थीं।

# बजट सत्र : योगी सरकार ने पेश किया 8.08 लाख करोड़ से अधिक का ऐतिहासिक बजट

- वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में पेश किया यूपी के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा बजट
- इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, और AI को योगी सरकार ने दी सर्वाधिक प्राथमिकता



**एजेंसी, लखनऊ**

योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपये का ऐतिहासिक बजट विधानसभा में पेश किया। यह उत्तर प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने इसे प्रदेश के आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यह बजट वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है, जिससे राज्य की आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। बजट में 28 हजार 478 करोड 34 लाख रुपये (28,478.34 करोड़ रुपये) की नई योजनाएं सम्मिलित की गई हैं। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यह बजट प्रदेश की आर्थिक मजबूती, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ना है। योगी सरकार के इस मेगा बजट में अवस्थापना विकास के लिए 22 प्रतिशत, शिक्षा के लिए 13 प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं के लिए 11 प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में 6 प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए 4 प्रतिशत एवं संसाधन आवंटित किये गये हैं। बजट में पूँजीगत परिव्यय कुल बजट का लगभग 20.5 प्रतिशत है। इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश को बढ़ावाप्रदेश में बुनियादी ढांचे और इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने बजट का 22 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित किया है। इसमें सड़क निर्माण, औद्योगिक विस्तार, परिवहन व्यवस्था और निवेश को आकर्षित करने जैसी योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा निवेशयोगी सरकार ने शिक्षा को और मजबूत बनाने के लिए 13 प्रतिशत बजट शिक्षा क्षेत्र के लिए निर्धारित किया है। इसमें प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लासेस स्थापित करने का प्रस्ताव है। साथ ही राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेजों में डिजिटल लाइब्रेरी और स्मार्ट क्लासेस शुरू करने की योजना भी शामिल है। इसके अलावा प्रदेश में शोध और विकास को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं बजट में प्रस्तावित हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा को बढ़ावाउत्तर प्रदेश को तकनीकी हब बनाने के लिए योगी सरकार ने कई नई योजनाएं शुरू करने का प्रस्ताव बजट के जरिए पेश किया है। इसमें 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी' की स्थापना की जाएगी, जिससे प्रदेश को तकनीकी नवाचार का केंद्र बनाया जाएगा। साथ ही साइबर सिक्योरिटी में टेक्नोलॉजी रिसर्च ट्रांसलेशन पार्क स्थापित करने की योजना, जिससे डिजिटल सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने हेतु सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना का प्रस्ताव भी शामिल है।

## मोदी के रहते मुमकिन नहीं है 370 की वापसी : सीएम अब्दुल्ला

**एजेंसी, नई दिल्ली**



जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के भले ही केंद्र सरकार से अच्छे संबंध बताए जाते हैं लेकिन मौका आने पर उमर अपनी बात कहने से नहीं चूकते हैं। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान उन्होंने कहा कि यदि मोदी सरकार द्वारा किए गए वादे पूरे नहीं होते हैं तो उनकी सरकार केंद्र के साथ अपने संबंधों को लेकर पुनर्मूल्यांकन कर सकती है। साथ ही उन्होंने यह भी साफ शब्दों में कहा है कि पीएम मोदी के रहते जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल-370 की वापसी नहीं हो सकती है।

दरअसल एक इंटरव्यू के दौरान सीएम उमर अब्दुल्ला से जब यह पूछा गया कि जब तक नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री हैं, क्या जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के बहाल होने की कोई संभावना है? उमर अब्दुल्ला ने साफ शब्दों में कहा कि नहीं, इसकी कोई संभावना नहीं है।

उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के प्रति अपनी दृष्टिकोण को लेकर उठाए गए सवालों का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के पहले कुछ महीनों में केंद्र के साथ एक सहयोगात्मक संबंध स्थापित करना महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा, कम से कम मेरी सरकार के पहले कुछ महीनों में मुझे जम्मू और कश्मीर के लोगों के लिए केंद्र सरकार के साथ एक अच्छा कार्य संबंध स्थापित करने की कोशिश करनी चाहिए। 2019 में केंद्र सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के मुद्दे पर उमर अब्दुल्ला ने अपनी स्थिति को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा की इसकी बहाली के लिए संघर्ष को छोड़ा नहीं गया है। उन्होंने कहा, हमने विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया था जिसमें जम्मू और कश्मीर के स्पेशल स्टेटस को बहाल करने और संवैधानिक गारंटी को फिर से लाने की मांग की गई थी।

## एकनाथ शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस ने शुरू की जांच

**एजेंसी, मुंबई**



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने की धमकी ई-मेल के माध्यम से मिली है। मुंबई पुलिस की टीम इस धमकी भरे ई-मेल भेजने वाले की गहन छानबीन कर रही है। मुंबई पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने संबंधी धमकी भरा ई-मेल गोरेगांव पुलिस स्टेशन में अज्ञात शख्स ने भेजा था। इसकी जानकारी मिलते ही इस ई-मेल को भेजने वाले के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इसी तरह का ई-मेल आज फिर से मंत्रालय और जेजे मार्ग पुलिस स्टेशन में भी आया है। इसलिए इस तरह का ई-मेल भेजने वालों की छानबीन की जा रही है। इसके साथ ही एकनाथ शिंदे की सुरक्षा की समीक्षा भी की गई है । इससे पहले जनवरी में एक 24 साल के युवक ने सोशल मीडिया पर एकनाथ शिंदे को जान से मारने की धमकी दी थी। इस घटना के बाद ठाणे के श्रीनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था।

## भाजपा की दिल्ली की सत्ता में 27 साल बाद वापसी, रेखा गुप्ता के हाथों में बागडोर, जेड श्रेणी सुरक्षा मिली

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आज दिल्ली की सत्ता में 27 साल बाद वापसी हो गई। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ की पूर्व अध्यक्ष और पहली बार विधायक चुनी गईं रेखा गुप्ता दिल्ली की बागडोर संभालने वालीं नौवीं मुख्यमंत्री बन गईं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित भव्य और दिव्य समारोह में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। रेखा गुप्ता ने हिंदी में ईश्वर के नाम पर शपथ ली। दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जेड श्रेणी सुरक्षा प्रदान की गई है। उनके घर के बाहर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रेखा गुप्ता के साथ प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंदर इन्द्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह को मंत्री पद की शपथ दिलाई। रेखा गुप्ता दिल्ली में मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज के बाद भाजपा की चौथी मुख्यमंत्री बनी हैं। इसके साथ ही वो वर्तमान में भाजपा शासित किसी भी राज्य में एकमात्र महिला मुख्यमंत्री भी बन गई हैं। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इनके अलावा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बने। दिल्ली भाजपा विधायक दल की बैठक में 19 फरवरी को 50 वर्षीय रेखा गुप्ता को नेता चुना गया। उन्होंने इसके बाद उपराज्यपाल वीके सक्सेना से राज निवास में मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया।

## कांग्रेस नेता ने की रेखा गुप्ता की जमकर तारीफ

**एजेंसी, नई दिल्ली ।** दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की कांग्रेस के लोग भी तारीफ कर रहे हैं। रेखा गुप्ता के नाम की घोषणा होते ही जहां उनकी पार्टी और परिवार में जश्न शुरू हो गया तो विपक्षी दलों के नेताओं ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं। दिल्ली को एक और महिला सीएम मिलने पर जहां आतिशी मार्लेना ने खुशी जाहिर की तो दूसरी तरफ कांग्रेस नेता अलका लांबा ने भी उनकी तारीफ की है। रेखा गुप्ता को सीएम बनाए जाने की घोषणा के तुरंत बाद अलका लांबा ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की जो वायरल हो गया। अलका लांबा और रेखा गुप्ता की एक साथ यह तस्वीर करीब 30 साल पुरानी है। लांबा ने एक्स पर लिखा, 1995 की यह यादगार तस्वीर- जब मैंने और रेखा गुप्ता ने एक साथ शपथ ग्रहण की थी।

## छात्रों से राहुल का सवालः मायावती आज कल क्यों ठीक से चुनाव नहीं लड़ रही हैं?

**एजेंसी, रायबरेली**





अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी गुरुवार को छात्रों से रूबरू हुए। उन्होंने रायबरेली में मूल भारती छात्रवास में छात्रों से सवाल किया। पूछा- मायावती आज कल क्यो ठीक से चुनाव नहीं लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि हम चाहते थे बहन जी बीजेपी के विरोध में मेरे साथ चुनाव लड़ें। अगर तीनो पार्टियां एक साथ हो जातीं तो बीजेपी कभी चुनाव न जीतती। मायावती बीजेपी की बी टीम बनकर काम कर रहीं हैं। देश की बड़ी 500 फर्मों में शामिल कुछ शीर्ष निजी कंपनियों का नाम लेते हुए गांधी ने युवाओं से पूछा कि उनमें से कितनी कंपनियों के प्रमुख दलित हैं। जब एक युवा ने जवाब दिया कि कोई नहीं, तो गांधी ने उससे पूछा, क्यों नहीं। दूसरे युवा ने जवाब दिया, क्योंकि हमारे पास पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। राहुल गांधी ने कहा कि आंबेडकर जी के पास कोई सुविधा नहीं थी। वे अपने प्रयासों में अकेले थे, फिर भी उन्होंने देश की राजनीति को हिलाकर रख दिया था। एक पूरी व्यवस्था है जो दलितों के खिलाफ है और नहीं चाहती कि वे आगे बढ़ें। व्यवस्था आप पर हर रोज हमला करती है। आधे से ज्यादा बार तो आपको पता भी नहीं चलता कि यह आप पर कैसे हमला कर जाती है।

## ट्रंप के जेलेंस्की को तानाशाह कहने पर यूक्रेन का बच्चा-बच्चा नाराज

**एजेंसी, कीव**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की को 'बिना चुनाव के तानाशाह' कहने पर तीखी प्रतिक्रिया हुई है। ट्रंप की टिप्पणी से यूक्रेन का बच्चा-बच्चा उनसे नाराज दिख रहा है। यूक्रेन के सभी राजनीतिक दलों ने राजधानी कीव में रैली कर ट्रंप की जमकर निंदा की। द वाशिंगटन पोस्ट की खबर के अनुसार, ट्रंप ने कहा था कि जेलेंस्की असफल, अलोकप्रिय व्यक्ति है। इस युद्ध के लिए वह दोषी है। जेलेंस्की की जिद ने सैकड़ों हजारों लोगों को जीवन खत्म कर दिया। लाखों लोग विस्थापित होने को विवश हो गए। ट्रुथ सोशल पर बुधवार को ट्रम्प ने जेलेंस्की को बिना चुनाव के तानाशाह के रूप में वर्णित किया था। ट्रंप का यह बयान तब आया जब जेलेंस्की ने आरोप लगाया कि ट्रंप, रूस के प्रभाव में आ गए हैं और क्रेमलिन के लिए अनुकूल शर्तों पर युद्ध खत्म करना चाहते हैं। ट्रंप ने कहा, जरा सोचिए, एक मामूली सफल कॉमेडियन जेलेंस्की ने अमेरिका को 350 बिलियन डॉलर खर्च करने के लिए मना लिया। यह ऐसा युद्ध जो जीता नहीं जा सकता। इसे कभी शुरू ही नहीं होना चाहिए था। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में मंगलवार को रूस और अमेरिका के बीच एक बैठक हुई, जिसमें यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने पर चर्चा हुई। इस बैठक के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि जेलेंस्की की लोकप्रियता मात्र चार प्रतिशत रह गई है, जबकि ताजा सर्वे में उनकी अप्रूवल रेटिंग 57 प्रतिशत बताई गई है। इस बैठक के नतीजों को खारिज करते हुए जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन अपनी भागीदारी के बिना लिए गए किसी भी फैसले को स्वीकार नहीं करेगा।





## उत्तर प्रदेश के जौनपुर में दो जगह सड़क हादसा, 09 लोगों की मौत, 29 घायल

**एजेंसी, जौनपुर**



उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में बुधवार की देर रात दो जगह हुए मार्ग दुर्घटनाओं में अब तक नौ लोगों की मौत हुई है, जबकि 29 लोग घायल हुए है। ये सभी श्रद्धालु काशी विश्वनाथ, रामलला के दर्शन को जा रहे थे। पहली घटना बुधवार की देर रात करीब डेढ़ बजे की है। जौनपुर से सुलतानपुर जा रही टाटा सूमो को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में 11 यात्रियों में से पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन महिलाएं, एक पुरुष और एक नाबालिग बच्चा हैं। इनमें दो की पहचान झारखंड के हजारीबाग की निवासी कांति देवी (60) और नितेश कुमार (20) के रूप में हुई है। तीन अन्य की शिनाख्त की जा रही है। शेष छह घायलों को जिला अस्पताल जौनपुर में भर्ती कराया गया है। दूसरा हादसा उसी रात तीन बजे का है, जहां एक ट्रक ट्रेलर में पीछे से बस जा घुसी। हादसे में बस चालक मोनू सिंह और उनके दो परिजन एवं एक अन्य की मौत हो गई। दोनों वाहनों में कुल 29 लोग घायल हुए है। घायलों कांति देवी, नितेश कुमार,ड्राइवर मोनू सिंह, ड्राइवर के दो परिजन, राधा देवी, गीतांजलि, तारा देवी, कमलेश, मनसा, हरिश्चंद्र, मीना देवी, बबली, सुभाष, दिनेश, रंजीत, दिनेश कुमार चौबे, कविता, हरिश्चंद्र, भगवान सिंह, मायावती, प्रेमचंद, किशोरी लाल, लक्ष्मी, सुरेश, सुशीला देवी, सरस्वती देवी, आशीष, शकुंतला, सुशीला घायल है। पांच लोगों की हालत गंभीर बताते हुए वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। बाकी का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। यात्री बिमला देवी ने बताया कि वे काशी विश्वनाथ के दर्शन और महाकुंभ में स्नान करके रात 11 बजे निकले थे। चालक को झपकी आने से दुर्घटना हुई। यात्री सुशीला ने बताया कि वे कुंभ स्नान के बाद अयोध्या दर्शन जा रहे थे। जिला अस्पताल के डॉ. कृष्ण कुमार पांडेय ने बताया कि बदलापुर से नौ शव आए हैं। इनमें पांच महिलाएं तीन पुरुष और एक बच्चा है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि जिले में कुछ ही घंटों में दो दुर्घटनाएं हुईं।

# प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने नालंदा जिला को दी 820 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात, 263 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में नालंदा जिले के सिलाव प्रखंड के नानन्द गांव स्थित बने कार्यक्रम स्थल से नालंदा जिले के लिए 820.72 करोड़ रुपये की कुल 263 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें 361.66 करोड़ रुपये की 177 योजनाओं का उद्घाटन और 459.05 करोड़ रुपये की 86 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने आज नालंदा जिले में विभिन्न जगहों पर विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सिलाव प्रखंड के नानन्द ग्राम में जल-जीवन-हरियाली अभियान योजना के अंतर्गत जीर्णोद्धार किए गए तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तालाब बहुत अच्छा बना है। मुख्यमंत्री ने वहां निर्मित हुनर पुस्तकालय भवन का भी फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने हुनर पुस्तकालय भवन का निरीक्षण कर वहां अध्ययनरत् बच्चे बच्चियों से बातचीत की और उनका उत्साहवर्द्धन किया। मुख्यमंत्री ने तालाब के बगल में 19.22 लाख रुपये की लागत से निर्मित किए गए सामाजिक उत्थान पार्क का जायजा लिया। इस दौरान इस पार्क को संचालित करनेवाली जीविका दीदियों से मुख्यमंत्री ने बातचीत की और कहा कि यह पार्क अच्छा बना है, इसको ठीक ढंग से मेंटेन रखें। मुख्यमंत्री ने तालाब की देखभाल करने तथा नाव का संचालन करनेवाली जीविका दीदियों को प्रमाण पत्र दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परिसर काफी अच्छा बना है। तालाब के बगल में खूबसूरत पार्क है। यहां का दृश्य अच्छा है। गांव के लोग यहां घूमने-फिरने के साथ-साथ प्राकृतिक वातावरण का भी आनंद उठा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से कहा कि आपलोग इस परिसर का बेहतर ढंग से देखभाल करें। हमने ही स्वयं सहायता समूह का नाम 'जीविका' दिया और इससे जुड़नेवाली महिलाओं को 'जीविका दीदी' नाम दिया। आपलोगों के उत्थान के लिए हम लगातार काम कर रहे हैं। आपसब मिल-जुलकर आगे बढ़िए। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने महादलित बस्ती, नानन्द का भ्रमण किया। वहां बनाए गए खेल मैदान का जायजा लिया और खिलाड़ियों को बास्केट बॉल प्रदान कर खेल का शुभारंभकिया। मुख्यमंत्री ने सामुदायिक भवन सह वर्कशेड का उद्घाटन कर जायजा लिया और बाल हृदय योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत पशु धन के हस्तांतरण का प्रमाण पत्र दिया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने नानन्द गांव में आयोजित कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग, कृषि विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कल्याण विभाग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग आदि के स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री निजी अन्य प्रजाति पौधशाला योजना, मुख्यमंत्री निःशक्त जन विवाह प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, देशी गौ-पालन प्रोत्साहन योजना, समेकित भेड़ एवं बकरी विकास योजना, समेकित मुर्गी विकास योजना और मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभुकों को सांकेतिक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने महादलित-दलित, अल्पसंख्यक, अति पिछड़ा, अक्षर आंचल साक्षरता केंद्र का उद्घाटन किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने पंचाने सिंचाई योजना के समेकित कमांड क्षेत्र का मानचित्र के जरिए अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूह की जीविका दीदियों द्वारा जीविकोपार्जन हेतु की जा रही विभिन्न गतिविधियों एवं उत्पादों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत 10 हजार 922 स्वयं सहायता समूह को 263 करोड़ 32 लाख रुपये का, 10 हजार 775 स्वयं सहायता समूह को 29 करोड़ 11 लाख रुपये का और 2753 स्वयं सहायता समूह को 9 करोड़ 60 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों के स्टॉल पर लगाए गए विभिन्न उत्पादों को देखा और जीविका दीदियों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 में जब हमलोगों को बिहार में काम करने का मौका मिला तो हमने देखा कि यहां स्वयं सहायता समूह की संख्या नाम मात्र की है। हमलोगों ने विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूह की संख्या बढ़ानी शुरू की। हमने ही स्वयं सहायता समूह का नाम 'जीविका' दिया जिससे प्रेरित होकर तत्कालीन केंद्र सरकार ने इसका नाम 'आजीविका किया। हमने जीविका से जुड़ी महिलाओं को 'जीविका दीदी' नाम दिया। शहरी क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूह का विस्तार किया जा रहा है। अबतक स्वयं सहायता समूह से 1 करोड़ 35 लाख जीविका दीदियां जुड़ चुकी हैं और शहरी क्षेत्रों में भी साढ़े तीन लाख जीविका दीदी जुड़ चुकी हैं। स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बन रही हैं। इससे बिहार की महिलाओं की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया है। उनका पहनावा और बोलचाल भी काफी अच्छा हो गया है। वे लोगों से बेहिचक होकर बातें करने लगी हैं। मैं आप सभी जीविका दीदियों को बेहतर कार्य करने के लिए बधाई देता हूं, आपलोग बहुत आगे बढ़ें, खूब तरक्की करें। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि आपकी बदौलत हमलोगों का जीवन सुधरा है और हमलोगों को नई पहचान मिली है। हमलोगों की पारिवारिक और सामाजिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है, यह सब आपकी देन है। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने 37 करोड़ 89 लाख रुपये लागत के नवनिर्मित राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय उच्च विद्यालय भवन, सब्बैत का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने पूरे विद्यालय परिसर का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक भवन एवं आवासीय भवन के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने रोबोटिक्स लैब का जायजा लिया और बच्चियों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने वहां बच्चियों से खाने-पीने, रहने और शैक्षणिक कार्य आदि के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां आपलोगों के रहने की भी सुविधा है, आपलोग अच्छे से पढ़ाई कीजिए। मुख्यमंत्री ने विभिन्न कक्षाओं का जायजा लिया। इस दौरान एक बच्ची मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए बोली कि आपके नेतृत्व में महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में बहुत बेहतर कार्य हो रहा है। महिलाओं के विकास के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने धन्यवाद देते हुए कहा कि आपसब देश की भविष्य हैं, खूब अच्छे से पढ़िए और आगे बढ़िए। मुख्यमंत्री के विद्यालय परिसर के भ्रमण के दौरान बच्चियों ने ताली बजाकर उनका अभिवादन किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने मोहनपुर मत्स्य बीज उत्पादन केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को मत्स्य पालन की नई तकनीकों के संबंध में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यहां 12 एकड़ में निर्मित 16 तालाबों में मछली उत्पादन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने मोहनपुर मत्स्य हैचरी के पूरे परिसर का जायजा लिया और कहा कि यह बहुत अच्छा है। इससे मछली उत्पादकों को काफी लाभ होगा। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने राजगीर कुंड परिसर के नवनिर्मित यात्री विश्राम भवन का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कुंड परिसर के संपूर्ण विकास के लिए बनाई गई योजना की साइट प्लान के माध्यम से विस्तृत जानकारी ली। पुजारियों द्वारा अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने पुजारियों को धन्यवाद दिया। पुजारियों ने मुख्यमंत्री से कहा कि आपने राजगीर में ऐसी उत्तम व्यवस्था करवा दी है जिससे देश-विदेश के पर्यटक यहां आते हैं और आनंदित होते हैं। मुख्यमंत्री ने नालंदा जिला के बिंद प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 218.20 लाख रुपये की लागत से 100 बेड के बालिका छात्रावास भवन का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। विद्यालय प्रांगण में बने खेल मैदान का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि खूब मन लगाकर पढ़िए और खेलिए। आप सभी को मैं अपनी शुभकामनाएं देता हूं। राज्य सरकार विभिन्न खेलों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी भी प्रदान कर रही है। पढ़ाई के साथ-साथ अपनी रूचि के अनुसार खेल में भी हिस्सा लें। इससे मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही शारीरिक स्वास्थ्य भी दुरुस्त रहता है। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, बिंद के परिसर में आत्मरक्षा हेतु जुडो कराटे की प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं से मुख्यमंत्री ने बातचीत कर उन्हें बधाई दी। बिंद मोड़ के पास बेनार-सकसोहरा पी०डब्ल्यू०डी० पथ के चौड़ीकरण एवं निर्माण हेतु प्रस्तावित योजनाओं का मुख्यमंत्री ने स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने साइट मैप के माध्यम से मुख्यमंत्री को 9671.47 लाख रुपये की लागत से अस्थावां-सकसोहरा पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस पथ की कुल लंबाई 18.45 किलोमीटर है। इस पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य पूर्ण हो जाने से शेखपुरा, लखीसराय, जमुई, मुंगेर, नवादा एवं झारखंड राज्य से राजधानी पटना सहित उत्तर बिहार का आवागमन सुगम हो जाएगा। इसके अलावा अधिकारियों ने 3912.00 लाख रुपये की लागत से बिहार-बख्तियारपुर पथ के चौड़ीकरण कार्य तथा 3361.27 लाख रुपये की लागत से ऐतवारी बाजार से उपरौरा मोड़ वाया समाहरणालय (नालंदा), अम्बेर मोड़, नई सराय, खंदकपर पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य की प्रगति के संबंध में भी मुख्यमंत्री को जानकारी दी। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इन पथों के चौड़ीकरण हो जाने से जाम की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। मुख्यमंत्री ने सोहसराय हॉल्ट के पास रिंग रोटरी निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने साइट मैप के माध्यम से मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बिहारशरीफ में (बड़ी पहाड़ी पहाड़ तल्ली रोड में आरोग्य उद्यान) के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने आरोग्य उद्यान का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को आरोग्य उद्यान परिसर में बने फिटनेस पार्क अंतर्गत किड्स प्ले एरिया, जिम एरिया, हिल क्लाइंबिंग, फूड कोर्ट, बास्केट बॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, योगा जोन, लैंड स्केपिंग, आब्सट्रेकल कोर्स एंड आउटडोर जिम, हर्डल ट्रैक सहित अन्य उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के संबंध में अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यहां आरोग्य उद्यान काफी सुंदर ढंग से बन गया है। इसका रख-रखाव नियमित रूप से होता रहे, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। कार्यक्रम के दौरान जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री सह नालंदा जिला के प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री सह सहकारिता मंत्री डॉ० प्रेम कुमार, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार, विधायक श्री कौशल किशोर, विधायक श्री कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, विधान पार्षद श्री नीरज कुमार, विधान पार्षद श्रीमती रीना कुमारी, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, पूर्व विधायक इंजी० सुनील कुमार, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय श्री कुंदन कृष्णन, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पर्यटन विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव श्री मनोज कुमार, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री मयंक बरबड़े, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री राकेश राठी, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्री हिमांशु शर्मा, नालंदा जिला के जिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर, नालंदा के पुलिस अधीक्षक श्री भारत सोनी सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली की मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने पर रेखा गुप्ता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं आपके नेतृत्व में दिल्ली के विकास कार्यों को गति मिलेगी।

### जमुई की घटना पर सीएम करें कार्रवाई : मंच

**पटना।** राष्ट्रीय विचार मंच के राष्ट्रीय महामंत्री राहुल गोयल और मंच के राष्ट्रीय एडवाइजर कमिटी सदस्य प्रिंस कुमार ने पटना आईजीएमएस हॉस्पिटल में जाकर जमुई के नीतीश कुमार की कुशलक्षेम जानी। नीतीश कुमार के परिजनों को सांत्वना दी और पूर्ण विश्वास दिया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर राहुल गोयल और प्रिंस कुमार राजू ने बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद को भी घटना से अवगत कराया तथा एसपी को फोन करके कड़ी से कड़ी कार्यवाई करने को कहा गया । राष्ट्रीय महामंत्री राहुल गोयल ने कहा कि सभी हिंदू संगठन और हिंदू भाइयों को किसी भी तरह की परेशानी जिहादी अपराधी तत्व करने की कोशिश की गई तो उसको बख्शा नहीं जायेगा। ज्ञात हो कि जमुई जिले में हिंदू संगठन के कार्यकतार्ओं पर अल्प संख्यक समुदाय के उपद्रवी ईट, पत्थर से प्रहार किया गया था। प्रिंस कुमार राजू ने कहा कि प्रशासन एवं मुख्यमंत्री को इस घटना पर त्वरित करवाई की मांग करते हैं इस अवसर पर सैकड़ों की तादाद में हिंदू संगठन के लोग मौजूद थे।

### नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में बिहार अग्रणी राज्य : शीला मंडल

**पटना।** गुरुवार को जदयू प्रदेश कार्यालय, पटना में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में परिवहन मंत्री शीला मंडल ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुई एवं उनके त्वरित समाधान हेतु उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उक्त मौके पर विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी एवं पार्टी के प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह मौजूद रहे। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री शीला मंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में जो ऐतिहासिक काम किए हैं उसकी चर्चा सिर्फ देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर में होती है। इस दिशा में हमारा बिहार आज अग्रणी राज्य है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई भी मुद्दा नहीं है इसलिए अनाप-शनाप बयान देकर जनता को भटकाने में लगे हैं।

## जिंदगी झंड,फिर भी है घमंड,सुख भोगी को जनता बनाती है वियोगी : डॉ मधुरेंदु पांडेय

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** कहते हैं, जिंदगी झंड बा, फिर भी घमंड बा।सटीक है राजद के नेताओं हेतु।बिहार के बहु चर्चित पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद अपने कार्यकाल के दौरान,सत्ता सुख में इतने मदांध रहते थे कि उन्हें जनता की सुध नहीं रहती थी। अच्छा-बुरा, चाटुकारिता के साथ अपहरण धंधेबाजों के अधिकांश आपराधिक मामले भी खुद हीं हिस्सा ले कर देखने का आरोप,सत्ता से विमुख होकर अब विभीषण की भूमिका के तहत, लालू-राबड़ी के पारिवारिक मामलों से विमुख सदस्य सुभाष यादव लगा रहे हैं।आने वाले बिहार विधान सभा चुनाव के दौरान यह मुद्दा भी कसौटी पर कसा जायेगा। ऐसा मानते हैं जदयू चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मधुरेंदु पांडेय। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सुप्रीमो समेत खेमे के तमाम नेताओं की जिंदगी झंड है, फिर भी न जाने क्यों उन्हें घमंड है। राजनीतिक जमीन भी खिसकती जा रही है। पूरी तरह मानसिक असंतुलन की स्थिति खुद राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की है। जैसा अन्न वैसा मन,जी हां अपराध जगत में यकीन रखने वाले लोगों को जनता दुश्मन मान बैठी है और आहूत विधान सभा चुनाव के दौरान सूबे की जनता राजद के ताबूत में कीलें ठोक देगी ।पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सफलतम जन विकास यात्रा (प्रगति यात्रा) से राजद खेमा,मांद में घुस कर अपने अतीत का प्रायश्चित करने के बजाय अनाप-शनाप बयानबाजी उनके विक्षिप्त बोध का सूचक है।कहना तर्कसंगत है कि घमंड में अभी भी राजद नेता चूर है।

## तेजस्वी सीएम बनने के लिए बेचैन हैं, लेकिन जनता एनडीए के साथ : सुमन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में करीब 8 से 9 महीने का वक्त बचा है। इस साल अक्टूबर-नवंबर में चुनाव होने की संभावना है। इससे पहले छोटी-बड़ी हर पार्टी अपने स्तर पर चुनावी तैयारियों में जुट गई है। इन सबके बीच हम पार्टी 28 फरवरी को पटना के गांधी मैदान में 'दलित समागम' रैली का आयोजन कर रही है। इसके प्रचार-प्रसार के लिए गुरुवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने हरी झंडी दिखाकर 'दलित समागम' रथ को रवाना किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मंत्री संतोष सुमन ने कहा कि बिहार के कोने-कौन से लोग रैली में शामिल होने के लिए आएंगे। दूसरे राज्यों



से कार्यकर्ता पहुंचेंगे।नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए संतोष सुमन ने कहा कि सीएम बनने के लिए बहुत बेचैन हैं। बेचैन होने से कोई सीएम नहीं बन जाता है। उसके लिए मेहनत करना होगा। जनता के बीच रहकर विश्वास जीतना होगा। लेकिन बिहार की जनता एनडीए के साथ है। उनके लिए आगामी 10-15 साल तक बिहार में कोई जगह नहीं है।वहीं, दिल्ली में महिला मुख्यमंत्री के सवाल कहा कि इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देता हूं। रेखा गुप्ता को दिल्ली प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया है। आने वाले समय में पूरे देश में मिसाल पेश होगा।

## शिवहर विधानसभा क्षेत्र में रंजन कुमार सिंह एक सशक्त राजनीतिक विकल्पः अनूप नारायण सिंह

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** बिहार की राजनीति में शिवहर एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है, जहां हर चुनावी समर में नए समीकरण बनते और बिगड़ते हैं। 2024 के इस चुनावी संग्राम में एक नाम बड़ी तेजी से उभरकर सामने आया है— रत्नपुर निवासी रंजन सिंह। एनडीए के कई दावेदारों के बीच, उनकी दावेदारी सबसे प्रभावशाली मानी जा रही है। राजनीति में अक्सर पारिवारिक विरासत और आर्थिक संपन्नता के सहारे आगे बढ़ने वालों की भरमार होती है, लेकिन रंजन सिंह ने अपनी मेहनत, कड़ी लगन और दूरदर्शिता से अपनी अलग पहचान बनाई है।

**सादगी और करिश्माई व्यक्तित्व की छवि**-रंजन सिंह का व्यक्तित्व राजनीति में एक अलग मिसाल पेश करता है। सिर पर बंधी पगड़ी उनकी सादगी और संस्कृति का प्रतीक है, वहीं उनकी मुस्कुराहट साफ दिल और सच्ची नीयत को दर्शाती है। राजनीति में आमतौर पर चेहरों की पहचान उनके प्रभावशाली संबंधों से होती है, और इस मामले में भी श्री सिंह पीछे नहीं हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर के कई दिग्गज नेताओं से मधुर संबंध स्थापित किए हैं और अपनी राजनीतिक सूझबूझ के चलते पार्टी के अंदर एक मज़बूत पहचान बनाई है।

**शिवहर की जनता में चर्चा का केंद्र**-शिवहर की सियासत में इस बार का चुनावी संग्राम रोचक होता जा रहा है। श्री सिंह की सक्रियता और उनकी लोकप्रियता ने उन्हें एनडीए की टिकट दौड़ में एक प्रबल दावेदार बना दिया है। यह महज़ एक अटकल नहीं, बल्कि उनकी निरंतर क्षेत्रीय भागीदारी, जनता से जुड़ाव और उनकी बढ़ती स्वीकार्यता इसका प्रमाण है। हर चुनावी मौसम में जनता अपने नेता को परखती है, और इस बार रंजन सिंह का नाम लोगों की जुबां पर छाया हुआ है।

**शिवहर की राजनीति में नया समीकरण**?

राजनीति संभावनाओं का खेल है, और शिवहर की राजनीति में रंजन सिंह की एंट्री ने चुनावी गणित को और जटिल बना दिया है। उनकी लोकप्रियता, ज़मीनी पकड़ और संगठनात्मक कौशल के कारण यह माना जा रहा है कि अगर उन्हें टिकट मिलता है, तो चुनावी समीकरण पूरी तरह बदल सकते हैं। क्षेत्र की जनता के बीच उनकी बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए राजनीतिक विश्लेषकों का भी मानना है कि वे एनडीए के लिए एक मज़बूत उम्मीदवार साबित हो सकते हैं।

**क्या शिवहर के कुरुक्षेत्र में नई इबारत लिखेंगे रंजन सिंह**?

चुनाव एक ऐसा रणक्षेत्र होता है जहां उम्मीदवार की छवि, उसका ज़मीनी जुड़ाव और जनसमर्थन सबसे महत्वपूर्ण कारक होते हैं। रंजन सिंह ने अल्प समय में अपनी अलग पहचान बनाकर राजनीति में अपनी मज़बूत दस्तक दी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या एनडीए उन्हें शिवहर से टिकट देती है, और अगर देती है, तो क्या वह इस चुनावी महासमर में एक नई इबारत लिखने में कामयाब होंगे?

राजनीति की बिसात पर शिवहर की गोटियां बिछ चुकी हैं, और इस चुनावी कुरुक्षेत्र में रंजन सिंह की धमक को अब नजरअंदाज करना मुश्किल होता जा रहा है।

## विकसित बिहार बनाने की दिशा में अग्रसर है एनडीए सरकार : उमेश

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** गुरुवार को कैमूर जिला के जगजीवन स्टेडियम में आयोजित एनडीए जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि पांचों दलों के तमाम कार्यकर्ता आपसी तालमेल स्थापित कर हरेक बूथ को मजबूत बनाने की दिशा में काम करें। प्रदेश की समृद्धि और शांति के लिए एनडीए का सशक्त होना अति-आवश्यक है। श्री कुशवाहा ने कहा कि बीते लोकसभा चुनाव एवं चार सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनाव परिणाम से यह स्पष्ट तौर पर सिद्ध हो चुका है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूर-दूर तक कोई विकल्प नहीं है। वहीं, दूसरी ओर विपक्ष के पास जनहित के लिए न कोई नीति है और न ही उनके पास नेतृत्व। विपक्ष का काम अब केवल झूठ फैलाना रह गया है।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 19 वर्षों के अपने अद्भुत कार्यकाल में न्याय के साथ विकास की परिकल्पना को धरातल पर उतारने का काम किया है। नीतीश सरकार के प्रभावी और ईमानदार प्रयासों से समाज के सभी तबकों का आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक विकास सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने कहा कि गरीब-गुरबों तक कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच एनडीए सरकार की प्राथमिकता है। उक्त मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल, हम(से) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार, लोजपा (आर) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, रालोमो के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी, बिहार सरकार के मंत्री जमा खां, मंत्री संतोष सिंह, पूर्व सांसद महाबली सिंह, एनडीए प्रदेश कार्यक्रम संयोजक एवं जदयू के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी स्थापना चंदन कुमार सिंह सहित एनडीए के कई विधायक, विधानपार्षद एवं वरीय नेतागण उपस्थित रहे।

## विधान सभा चुनाव में युवाओं को अधिक से अधिक टिकट दिए जायेंगे : डॉ. अखिलेश

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** युवा काँग्रेस के कार्यकर्ताओं को आगामी विधान सभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा टिकट दे कर युवाओं को उनका हक दिलायेंगे। बिहार की राजनीति में युवाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना हमेशा से मेरा धेय रहा है ताकि बिहार में चेतनशील नेतृतव का आभाव कभी खले नहीं। ये बातें बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कही। वे बिहार प्रदेश युवा काँग्रेस द्वारा आयोजित शंखनाद प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से बिहार के नव नियुक्त प्रभारी कृष्णा अल्लावरु के स्वागत में किया गया था। मालुम हो कि अल्लावारु अभी भी युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी हैं। बिहार कांग्रेस प्रभारी अल्लावरु ने इस अवसर पर विभिन्न इलाकों से आये कार्यकतार्ओं को संबोधित करते हुए कहा कि गठबंधन में मिलनेवाली सीटों की चिंता किए बिना युवा काँग्रेस के साथी चलो पंचायत चलो गाँव कार्यक्रम में तेजी लायें क्योंकि यहीं से राजनीतिक जमीन तैयार होती है और आपका भविष्य भी यहीं से निर्धारित होता है। उन्होंने चेतावनी दी कि निष्क्रिय कार्यकतार्ओं को 5 दिन के भीतर संघटन से बाहर कर दिया जाएगा। मो शहीद ने कहा की बिहार प्रदेश युवा काँग्रेस सगठन को मजबूती प्रदान करने की बात कहा। प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष गरीब दास ने कहा की बतौर बिहार प्रभारी श्री कृष्णा अल्लावरु पहली बार पटना आने पर उनका स्वागत किया और युवा काँग्रेस की ओर से संगठन एवं टिकट को लेकर उचित भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कहा। इस मौके पर मो शहीद, सम्राट केसरी जेना, रौशनी कुशल जैसवाल उपस्थित रहें। कार्यक्रम कि अध्यक्षता बिहार प्रदेश युवा कॉंग्रेस के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास ने किया। मन्नू जैन, पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना, पूर्व अध्यक्ष युवा कांग्रेस गुंजन पटेल, अभिषेक रंजन, अबू तनवीर, विकास झा, बिट्टू यादव, मुकुल यादव, विवेक चौबे, सद्दाम आरिफ नवाज मौजूद रहे।

हर खबर पर पैनी नजर
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### 23 फरवरी को होनेवाले प्रदूषण मुक्त ग्रीन पटना मैराथन को लेकर सभी तैयारियां पूरीः योग गुरु शशिभूषण



**पटना**। आगामी 23 फरवरी को होने वाले प्रदूषण मुक्त ग्रीन पटना मैराथन के लिए गुरुवार को गांधी मैदान स्थित आत्म प्रकाश योग केंद्र के कार्यालय ट्विंस टावर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए आत्म प्रकाश योग केंद्र के योग गुरु ग्रीन पटना मैराथन के संयोजक सी ए शशि भूषण कुमार ने बताया कि 23 फरवरी को होने वाले प्रदूषण मुक्त ग्रीन पटना मैराथन की तैयारी पूरी कर ली गई है। मैराथन में भाग लेने वाले धावक को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पूरी टीम ने कमर कस लिया है। स्वास्थ्य, सुरक्षा ,एम्बुलेंस ,वाटर ,जूस ,नींबू पानी इत्यादि की सुविधा हो चुकी है। कार्यक्रम के आयोजन में जिला प्रशासन का पूरा सहयोग मिल रहा है। यह मैराथन गेट संख्या 5 से शुरू होकर मरीन ड्राइव होते हुए रमेश नगर अटल पथ तक जाएगी। पुनः वापस गांधी मैदान में आकर समाप्त होगी। जगह-जगह पर योग केंद्र के वॉलिंटियर हर सुविधा के साथ धावकों को सहयोग करेंगे। रूट मैप जारी करते हुए योग गुरु सी ए शशि भूषण कुमार ने बताया कि 22 फरवरी को अपराह्न 2 बजे से गांधी मैदान गेट संख्या 5 के अंदर ही बिब नम्बर के टी शर्ट का वितरण रात्रि 9 बजे तक किया जाएगा। इस मैराथन में मिस्टर वर्ल्ड अभिनेता ठाकुर अनूप सिंह, यूथ आईकॉन बिहारी टार्जन राजा यादव, एशियाई चैंपियन संगीता गोदारा ने अपने आने की स्वीकृति दी है। स्थानीय धावकों में बिहारी रनर फाउंडेशन के संस्थापक चितरंजन ओझा, मानवी प्रदीप्ता एवं शशिकांत कुमार को ब्रांड एंबेसेडर बनाया गया है।

### बिहार विधान परिषद् की सुरक्षा प्रहरी ने प्राप्त किया स्वर्ण पदक



**पटना**। बिहार विधान परिषद् सचिवालय की सुरक्षा प्रहरी शिवानी कुमारी नेगुरुवार को चण्डीगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय असैनिक सेवा एथलेटिक्स प्रतियोगिता के 800 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सभापति, बिहार विधान परिषद् अवधेश नारायण सिंह नें स्वर्ण पदक जीतने पर शिवानी कुमारी को बधाई और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभाशीष दिया।

### जो खून-पसीना बहाएगा उसे टिकट देंगे : कृष्णा अल्लावरू

**पटना**। बिहार कांग्रेस के नए प्रभारी कृष्णा अल्लावरू गुरुवार को तीन दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे हैं। सदाकत आश्रम में कार्यकतार्ओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'जिस प्रदेश में सालों से हमारी सरकार नहीं, वहां भी आपने सालों से पार्टी का झंडा लहराया है। अब हमें हर हाल में लड़ना है और जीतना है।कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि 'जो कार्यकर्ता मैदान में संघर्ष करता है और खून-पसीना बहाता है, उसे संगठन और टिकट वितरण में प्राथमिकता दी जाएगी। 'राहुल गांधी ने भी संगठन में कमियों को दूर करने की बात कही है। पार्टी का भविष्य सदाकत आश्रम में नहीं, बल्कि मैदान में तय होगा। आने वाले हफ्तों में बिहार का दौरा करेंगे। पटना में कम, फील्ड में ज्यादा नजर आएंगे।' सदाकत आश्रम में कार्यकतार्ओं को संबोधित करते कृष्णा अल्लावरू ने कहा कि '3 चीज दिल में हम सब को बैठा लेना है। लड़ाई छोटी हो या बड़ी। लड़ाई मुमकिन हो या नामुमकिन। कोई भी लड़ाई सिर्फ और सिर्फ जीतने के लिए लड़नी चाहिए। हम जीतने के लिए लड़ेंगे। लड़ेंगे और जीतेंगे। कांग्रेस ऑफिस में दौड़ने वालों को नहीं पंचायत और बूथ पर दौड़ने वालों को टिकट मिलेगा।' लड़ाई कोई और लड़ता है। खून कोई और बहाता है और टिकट किसी और को मिलता है। पद किसी और को मिलता है। मैं आपको आश्वासन दिलाना चाहता हूं। जब तक मैं आपके साथ रहूंगा। कोशिश ये होगी, जो लड़ाई लड़ता हो, जो खून पसीना बहाता हो। चाहे वो संगठन हो या टिकट हो। ऐसे लोगों को प्राथमिकता मिलेगा। कांग्रेस के नए प्रभारी ने कार्यकतार्ओं को एकजुट रहने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि 'मतभेद हर जगह होते हैं, लेकिन अगर कोई गुटबाजी लक्ष्मण रेखा पार करती है, तो ऐसे लोगों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। बिहार में हमें हर हाल में जीत हासिल करनी है। कोई भी कितना बड़ा बाहुबली क्यों न हो, अकेले चुनाव नहीं जीत सकता। हमें संगठित होकर लड़ना होगा।' बिहार कांग्रेस के नए प्रभारी कृष्णा अल्लावरू कर्नाटक के रहने वाले हैं। उनकी गिनती यूथ कांग्रेस के बड़े नेताओं में होती है। कृष्णा अल्लावरू अभी राष्ट्रीय कांग्रेस के जॉइंट सेक्रेटरी हैं। युवा कांग्रेस के प्रभारी के तौर पर वर्तमान में काम कर रहे थे। कृष्णा अल्लावरू काफी समय से बिहार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे, जिसे देखते हुए पार्टी ने उन्हें प्रभारी बनाया है। अपने तीन दिवसीय दौरे में और विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होंगे। साथ ही पार्टी नेताओं से विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी पर बातचीत करेंगे।

### 22 फरवरी से भरा जायेगा विशिष्ट शिक्षक परीक्षा के लिए फार्म

**पटना**। सक्षमता परीक्षा को लेकर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया किबिहार विशिष्ट शिक्षक नियमावली के आलोक में तृतीय सक्षमता परीक्षा के लिए 22 फरवरी से 12 मार्च तक आवेदन किया जाएगा। परीक्षा कुल 61 विषयों में आयोजित होगी और मई-जून में परीक्षाएं संपन्न कराई जाएंगी। बिहार सरकार ने राज्य के करीब पौने चार लाख नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के लिए पांच बार सक्षमता परीक्षा का मौका देने का ऐलान किया था। दो बार की सक्षमता परीक्षा हो चुकी है।सक्षमता परीक्षा पास नियोजित शिक्षकों को सरकारी कर्मी का दर्जा मिलेगा। इसके बाद ये सभी शिक्षक विशिष्ट शिक्षक कहलाएंगे।इन्हें बीपीएससी से बहाल शिक्षकों की तर्ज पर वेतनमान और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। पहले चरण की सक्षमता परीक्षा में 1.87 लाख टीचर पास हुए थे, जबकि दूसरे चरण में 65716 शिक्षक पास हुए हैं।

### 46वी सीनियर नेशनल साफ्टबॉल चैंपियनशिप के लिए बिहार पुरुष टीम घोषित

**पटना**। महाराष्ट्र के अमरावती में आयोजित होनेवाली 22 फरवरी से 26 फरवरी 2025 तक सीनियर नेशनल साफ्टबॉल चैंपियनशिप के लिए बिहार पुरुष टीम की घोषणा कर दी गयी है। बिहार टीम की घोषणा संघ के महासचिव प्राची शर्मा ने किया, इस अवसर पर संघ के मुख्य संरक्षक अजय नारायण शर्मा, कोषाध्यक्ष पवन कुमार पप्पू और रणधीर कुमार मौजूद रहे और अध्यक्ष गौतम कनोडिया ,पूर्व सचिव मधु शर्मा और संयुक्त सचिव रूपक कुमार ने बिहार टीम के सभी खिलाड़ी को जीत की अग्रिम की बधाई दी। टीम में अंकित सिंह (कप्तान ),सौरव कुमार (उपकप्तान), प्रमोद कुमार, विष्णु कुमार रंजन, मोनू कुमार, संजीत कुमार,आदित्य कुमार यादव, उमंग कुमार सिंह ,वसीम राजा, ए स गौरव, आर्यन राज,अगस्त्य प्रताप, हर्ष राज,आदित्य कुमार, सुजल राज के साथ प्रशिक्षक-बिपिन कुमार मैनेजर-राजेश कुमार (चिन्टू)शामिल हैं।

## ओआरएसएल बनाने वालों की नई पहल 'डायरिया से डर नहीं'

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। ओआरएसएल बनाने वाली कंपनी केनव्यू ने पॉपुलेशन सर्विसेज़ इंटरनेशनल इंडिया (पी.एस.आई. इंडिया) के साथ मिलकर एक नई जनस्वास्थ्य पहल "डायरिया से डर नहीं" की शुरुआत की है। अगले दो से अधिक वर्षों में लगभग 5 मिलियन बच्चो तक पहुँचने के लक्ष्य के साथ, यह पहल बिहार के 3 जिलों और उत्तर प्रदेश के 7 जिलों में दस्त से होने वाली मृत्यु दर को कम करने और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार पर केंद्रित होगी। यह पहल सरकार के "स्टॉप डायरिया" अभियान के प्रयासों को पूरक करेगी, जिसका लक्ष्य भारत में दस्त के कारण शून्य शिशु मृत्यु दर प्राप्त करना है। "डायरिया से डर नही" अभियान के तहत, ओआरएसएल के निर्माता केनव्यू और पी.एस.आई. इंडिया राज्य सरकार के अधिकारियों ओर स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ मिलकर एक एकीकृत दस्त प्रबंधन कार्यक्रम लागू करेंगे। यह कार्यक्रम रोकथाम और उपचार के

» अगले 2 से अधिक वर्ष में लगभग 5 मिलियन से ज्यादा बच्चों तक पहुंचने का लक्ष्य

दोनों पहलुओं पर केंद्रित होगा, जिसमें विशेष रूप से 0 से 5 वर्ष के बच्चों पर ध्यान दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य होंगे जिसमें कि पहला उद्देश्य बिन्दु में समुदाय में जागरुकता बढ़ाना और व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित करना ताकि दस्त प्रबंधन को प्रभावी बनाया जा सके। दूसरा उद्देश्य बिन्दु में आशा कार्यकर्ताओं, सेवा प्रदाताओं और देखभाल कर्ताओं की क्षमता निर्माण में सहायता करना, जो इस स्थिति के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके तीसरे उद्देश्य बिन्दु में बच्चों में ओरल रिहाइड्रेशन साल्ट (ओ.आर.एस.) और जिंक के वितरण के साथ-साथ समग्र हाइड्रेशन समाधानों द्वारा डायरिया के मामलों की शीघ्र पहचान सुनिश्चित करना और मामलों के उच्च कवरेज



और प्रबंधन को बढ़ावा देना। इस पहल को बिहार के सुपौला, दरभंगा और पूर्णिया में शुरू किया जाएगा और परिणामो के आधार पर बाकी के जिलों में इसका प्रसार किया जाएगा। इस पहल के बारे में बात करते हुए, प्रशांत शिंदे, बिजनेस यूनिट हेड - सेल्फ केयर, केनव्यू ने कहा पिछले 20 वर्षों से, ओआरएसएल, हमारा प्रतिष्ठित इलेक्ट्रोलाइट ब्रांड, फ्लूइड, इलेक्ट्रोलाइट और एनर्जी पर वैज्ञानिक अनुसंधान को आगे बढ़ा रहा है, जिससे उन्नत हाइड्रेशन फॉर्मूलेशन विकसित हुए हैं। हाल ही में लॉन्च किए गए रेडी टू ड्रिंक ओआरएस - डबल्यू.एच.ओ. अप्रूव्ड फॉर्मूला के साथ, हमने अपने हाइड्रेशन पोर्टफोलियो का विस्तार किया है, जो दस्त से तेज़ी से रिकवरी में सहायता करने वाला एक प्रभावी समाधान प्रदान करता है। दस्त से निपटने के प्रयासों पर टिप्पणी करते हुए, दीप्ति माथुर, एसोसिएट डायरेक्टर, पी.एस. आई. इंडिया ने कहा, बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और उनका स्वास्थ्य सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत सरकार का राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम.), राज्य सरकारों के साथ मिलकर दस्त की रोकथाम और प्रबंधन में लगातार प्रयासरत है। केनव्यू के सहयोग से, पी.एस.आई. इंडिया सरकार की 'स्टॉप डायरिया एवं दस्तक अभियान जैसी पहलों को और मजबूती देने का प्रयास करेगा, साथ ही स्वच्छता, संतुलित पोषण, दस्त की शीघ्र पहचान और प्रभावी दस्त प्रबंधन के लिए ओ.आर.एस. एवं जिंक के सही उपयोग को बढ़ावा देगा। यह पहल बिहार के तीन और उत्तर प्रदेश के सात जिलों में संचालित की जाएगी। डॉ. मधु सिन्हा,सलाहकार बाल रोग विशेषज्ञ, मोहित इम्यूनाइजेशन एंड चाइल्ड केयर सेंटर, पटना, कहती हैं कि डायरिया भारत में एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा बना हुआ है। गहन अध्ययन से पता चला है कि डायरिया भारत में पाँच साल से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु का तीसरा प्रमुख कारण है। दस्त के प्रचलन के कुछ मुख्य कारक असुरक्षित पानी, खराब स्वछता और सफाई और ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन (ओ.आर. एस.) का कम उपयोग हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डबल्यू.एच.ओ.) और संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ़) द्वारा ओरल रिहाइड्रेशन साल्ट (ओ.आर.एस) घोल को हल्के से मध्यम निर्जलीकरण के लिए वयस्कों और बच्चों दोनों के लिए प्रथम उपचार के रूप में अनुशंसित किया गया है और इसने मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक अध्ययन में पाया गया कि देखभाल करने वाले (केयरगीवर्स) पाउडर ओ.आर.एस घोल को अपने अनुसार पुनः तैयार कर रहे हैं, भले ही पैकेट पर दिए गए निर्देशों की परवाह न करें, जिससे इसके प्रभाव में कमी या दस्त की स्थिति के और बिगड़ने की संभावना हो सकती है। इसलिए यह आवश्यक है कि देखभाल करने वालों को ओ.आर.एस. पाउडर को उपभोग से पहले सही तरीके से तैयार करने की विधि के बारे में परामर्श दिया जाए या त्रुटियों से बचने और तेजी से सुधार सुनिश्चित करने के लिए रेडी-टू-ड्रिक ओ.आर.एस. समाधान पर विचार किया जाए। डायरिया से डर नहीं नामक इस बहु-वर्षीय पहल के तहत, केनव्यू इस गंभीर स्वास्थ्य समस्या के समाधान में एक नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहा है।

## सोशल मीडिया की बढ़ती ताकतः अनूप नारायण सिंह

नई सोच एक्सप्रेस

आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि समाज, राजनीति, अर्थव्यवस्था और यहां तक कि न्याय प्रणाली को प्रभावित करने वाली एक महाशक्ति बन चुका है। फेसबुक, ट्विटर (एक्स), इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म अब केवल मनोरंजन के साधन नहीं रहे, बल्कि विचारों के युद्ध के मैदान और जागरूकता के सशक्त माध्यम बन गए हैं।

**लोकतंत्र की नई आवाज**–पारंपरिक मीडिया जहां बड़े पूंजीपतियों के नियंत्रण में है, वहीं सोशल मीडिया ने आम आदमी को भी अपनी आवाज उठाने का मंच दिया है। चाहे राजनीतिक मुद्दे हों, सामाजिक न्याय से जुड़े आंदोलन हों, या किसी व्यक्ति विशेष के साथ हुए अन्याय की बात हो—एक ट्वीट, एक पोस्ट या एक वायरल वीडियो सत्ता के गलियारों तक गूंज पैदा कर सकता है।

**जनमत निर्माण में अहम भूमिका**–सोशल मीडिया अब



चुनावी राजनीति का सबसे बड़ा औजार बन चुका है। नेता और पार्टियां प्रचार के लिए अब टीवी विज्ञापनों से ज्यादा डिजिटल कैंपेन पर निर्भर हैं। एक साधारण मीम भी पूरे चुनावी नैरेटिव को प्रभावित कर सकता है। 2014 और 2019 के आम चुनावों में हमने देखा कि कैसे डिजिटल कैंपेन ने जनमत को प्रभावित किया।

**न्याय की उम्मीद**–कई मामलों में सोशल मीडिया "जन अदालत" के रूप में उभरा है। निर्भया केस, हाथरस कांड और कई अन्य मामलों में जनता की आवाज़ सोशल मीडिया के माध्यम से इतनी प्रबल हुई कि सरकारों को कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ा। "बॉयकॉट" और "सपोर्ट" जैसे हैशटैग अब लोगों की भावनाओं को प्रकट करने का नया तरीका बन चुके हैं।

**व्यापार और रोजगार के नए अवसर**–सोशल मीडिया ने लाखों लोगों के लिए रोजगार और व्यापार के नए रास्ते खोले हैं। इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग, डिजिटल मार्केटिंग, एफिलिएट सेलिंग और फ्रीलांसिंग जैसी नई इंडस्ट्रीज़ तेजी से विकसित हो रही हैं। छोटे व्यापारी भी अब इंस्टाग्राम और फेसबुक के जरिए अपने प्रोडक्ट्स बेचकर वैश्विक बाजार तक पहुंच बना रहे हैं।

**नकारात्मक पक्ष और फेक न्यूज की चुनौती**–जहां सोशल मीडिया की ताकत बढ़ी है, वहीं इसके नकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिलते हैं। फेक न्यूज, हेट स्पीच और अफवाहें तेजी से फैलती हैं, जिससे समाज में तनाव पैदा होता है। कई बार बिना जांचे-परखे खबरें वायरल हो जाती हैं, जिससे गलतफहमियां और विवाद बढ़ते हैं।

**निष्कर्ष**–सोशल मीडिया एक दोधारी तलवार की तरह है—यदि इसका सही इस्तेमाल किया जाए तो यह लोकतंत्र, समाज और अर्थव्यवस्था के लिए वरदान साबित हो सकता है। लेकिन अगर इसे गलत दिशा में मोड़ा जाए, तो यह अराजकता और अव्यवस्था का कारण भी बन सकता है। इसलिए जरूरी है कि हम सोशल मीडिया का उपयोग जागरूकता, सकारात्मक संवाद और समाज को बेहतर बनाने के लिए करें, न कि इसे अफवाहों और नकारात्मकता का अखाड़ा बनाएं।

## ग्रामीण क्षेत्रो में श्रमिक चौपाल का आयोजन



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय , राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड के तत्वावधान में प्रेम यूथ फाउंडेशन के सहयोग से खुसरूपुर प्रखण्ड में श्रमिक चौपाल का आयोजन किया गया । मौके पर उपस्थित क्षेत्रीय निदेशक विनोद जोशी ने कहा कि श्रमिको के कल्याण के लिए केंद्र सरकार प्रतिवद्ध है दर्जनों योजनाओं का संचालन किया जा रहा है । श्रमिको को योजनाओं के बारे में जगरूकता लाने के लिए यह चौपाल आयोजित किया गया है । उन्होंने सभी श्रमिको से ई श्रम कार्ड, आभा कार्ड, लेवर कार्ड बनबाने का अपील किया है उन्होंने बताया कि भी तक सैंकड़ो लोगो का कार्ड निःशुल्क बनाया जा रहा है । वहीँ फाउंडेशन के स्वयंसेवक गोपी कुमार ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा । श्रमिको के उत्थान के लिए फाउंडेशन हर स्तर पर मदद को तैयार है । मौके पर सन्नी कुमार, अजय कुमार, मुकेश कुमार मौजूद रहे ।

## बिहार राज्य हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स ने किया पांच दिवसीय प्रवेशिका कोर्स का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। बिहार राज्य हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा पटना के मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल, जगनपुरा के प्रांगण में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु स्कूल मैनेजमेंट के सहयोग से पांच दिवसीय प्रवेशिका कोर्स संपन्न हुआ, जिसमें स्कूल के 305 बच्चों ने भाग लिया और अलग-अलग विद्याएं सीखे जिसका अंतिम दिन प्रदर्शन करने के उपरांत सर्टिफिकेट वितरण विद्यालय के प्रिंसिपल-मिताली मुखर्जी और हेड मिस्ट्रेस सबा अहमद मैम द्वारा एच.एस.जी. के राज्य उपाध्यक्ष प्रो. नीरज कुमार एवं राज्य आयुक्त रणजीत चौहान की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम के समापन में सभी लोगों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की । विद्यालय की प्रिंसिपल मिताली मुखर्जी और सबा अहमद मैम ने वहां मौजूद संवाददाता को बताया कि हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स की ओर से स्कूल में पांच दिवसीय प्रवेशिका कोर्स जो स्कूल में पिछले पांच दिनों से चल रहा था उसका आज विधिवत समापन किया गया, जिसमें हमारे स्कूल के बच्चों




ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया साथ ही नई-नई विद्याएं सिखी जो डे टू डे उनके लाईफ में हेल्पफुल होंगी, साथ ही अनुशासन में रहते हुए दूसरों की मदद करने में वे आगे रहेंगे। उन्होंने हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स की टीम एवं ट्रेनर्स का धन्यवाद ज्ञापन किया और कहा कि आगे भी हम इस तरह के प्रशिक्षण विद्यालय में हमेशा कराते रहेंगे। बिहार राज्य हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के राज्य सचिव वरुण कुमार सिंह ने व्यक्तिगत रूप से कॉल कर सफल आयोजन और सहयोग के लिए प्रिंसिपल मैम का धन्यवाद ज्ञापन किया, मौके पर मौजूद राज्य उपाध्यक्ष एवं राज्य आयुक्त सह संयुक्त सचिव ने स्कूल मैनेजमेंट को अपने विद्यालय में पांच दिवसीय प्रवेशिका कोर्स करवाने के लिए एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हृदयसह धन्यवाद दिया और सभी 305 बच्चों के बीच प्रमाणपत्र का वितरण किया। समापन कार्यक्रम सह प्रमाण पत्र वितरण समारोह में स्कूल से प्रिंसिपल मिताली मुखर्जी, सबा अहमद, राजीव रंजन एवं अन्य, एच.एस.जी. से राज्य उपाध्यक्ष प्रो. नीरज कुमार, राज्य आयुक्त रणजीत चौहान, बिट्टू कुमार, मुकेश कुमार, अरुण कुमार, रणधीर ठाकुर, मंटू कुमार, जितेंद्र प्रियदर्शी, बबलू कुमार उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सचिव विद्या भूषण श्रीवास्तव को दी गई श्रद्धांजलि

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। अपने विचारों, समर्पण और नेतृत्व से सभी को प्रेरित करने वाले व्यक्तित्व के धनी विद्या भूषण श्रीवास्तव आज हमलोगों के बीच नहीं हैं। उक्त बातें ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने उनके आकस्मिक निधन पर आयोजित शोक सभा कार्यक्रम में कही। उक्त जानकारी जीकेसी के ग्लोबल उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक ने दी। उन्होंने बताया कि जीकेसी के राष्ट्रीय सचिव के पद पर विद्या भूषण श्रीवास्तव आसीन थे। उनके आकस्मिक निधन से हुई क्षति की भरपाई नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय कार्यालय, किदवई पुरी पटना स्थित रॉयल गार्डन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था। श्री दीपक अभिषेक ने बताया कि शोक सभा के बाद ग्लोबल अध्यक्ष ने एक लिखित शोक संदेश विद्या भूषण श्रीवास्तव के परिवार को भेजते हुए कहा है कि यह अत्यंत दुखद समाचार है कि हमारे प्रिय विद्या भूषण श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सचिव, ग्लोवल कायस्थ कॉन्फ्रेंस, अव हमारे बीच नहीं रहे। उनके असामयिक निधन से न केवल उनका परिवार, वल्कि सम्पूर्ण कायस्थ समाज और जीकेसी परिवार एक अपूरणीय क्षति का सामना कर रहा है। विद्या भूषण श्रीवास्तव का योगदान संगठन और समाज के उत्थान में अमूल्य था। वे न केवल एक कर्मठ कार्यकर्ता थे, वल्कि अपने विचारों, समर्पण और नेतृत्व से सभी को प्रेरित करने वाले व्यक्तित्व थे। उनका जाना हम सभी के लिए गहरे शोक का विषय है। इस



कठिन समय में मैं और सम्पूर्ण ग्लोवल कायस्थ कॉन्फ्रेंस परिवार आपके साथ खड़े हैं। उनका योगदान सदा हमारे हृदयों में जीवित रहेगा। उन्होंने बताया कि शोक सभा में विद्या भूषण श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया और दिवंगत आत्मा की शांति प्रदान करने और उनके परिवार को इस कठिन घड़ी में धैर्य एवं संवल प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई और दो मिनट का मौन रखा गया। शोक सभा में शामिल होने वालों में ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन, ग्लोबल उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार अभिषेक, बिहार प्रदेश महासचिव संजय कुमार सिन्हा, संगठन मंत्री बलिराम श्रीवास्तव, मानवाधिकार प्रकोष्ठ अध्यक्ष नम्रता आनंद, कला संस्कृति के दिवाकर कुमार, राजीव कुमार सिन्हा उर्फ संजू रवि जी प्रमुख थे।

## इंटर का रिजल्ट मार्च के अंतिम सप्ताह में आएगा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। मैट्रिक व इंटर के परीक्षार्थियों के साथ अभिभावकों को इन्तजार है की इन परीक्षाओं के रिजल्ट कब तक जारी किये जायेंगे। इंटर और मैट्रिक के परीक्षा परिणाम को लेकर अहम् जानकारी दी है। दरअसल बिहार बोर्ड अपनी तेजी से परिणाम जारी करने की परंपरा को कायम रखते हुए इस बार भी देश में सबसे पहले इंटर और मैट्रिक परीक्षा के रिजल्ट जारी करने की तैयारी में है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने गुरुवार को कहा है कि इंटर की परीक्षा का रिजल्ट मार्च के अंतिम सप्ताह में आएगा। जबकि, मैट्रिक परीक्षा के

» अप्रैल के पहले हफ्ते में मैट्रिक परीक्षा का परिणाम

परिणाम अप्रैल के पहले हफ्ते में जारी होगा। उन्होंने बताया कि मैट्रिक व इंटर की कॉपी का मूल्यांकन फरवरी के अंतिम सप्ताह में आरंभ हो जायेगा। उन्होंने कहा कि इंटर में 12 लाख और मेट्रिक में 15.85 लाख छात्र ने फॉर्म भरा था। उन्होंने बताया कि वैसे छात्र जिनकी परीक्षा किसी कारण से छूट गयी है उन्हे अप्रैल के अंतिम सप्ताह में विशेष परीक्षा आयोजित की जायेगी और उसका रिजल्ट मई के पहले सप्ताह में आयेगा ताकि उन परीक्षार्थियों का सत्र बर्बाद ने हो।

## मधुबनी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में तोड़फोड़ करने वाले उपद्रवियों के विरुद्ध की गई कानूनी कार्यवाई

नई सोच एक्सप्रेस

**हाजीपुर**। समस्तीपुर मंडल के अंतर्गत मधुबनी रेलवे स्टेशन पर दिनांक 10 फरवरी 2025 को गाड़ी संख्या 12561 स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के दरवाजे के अंदर से बंद होने के कारण उग्र होकर कुछ उपद्रवियों द्वारा ट्रेन के दरवाजों और खिड़कियों को क्षतिग्रस्त किया गया था। रेल प्रशासन द्वारा इस घटना को गंभीरता से लिया और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने तकनीकी साक्ष्यों और स्रोतों के आधार पर जांच शुरू की, जिसके परिणामस्वरूप एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया।



उसके खिलाफ आरपीएफ पोस्ट, दरभंगा में विभिन्न रेल अधिनियमों के तहत मामला दर्ज किया गया है। अन्य संलिप्त व्यक्तियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं। रेलवे संपत्ति राष्ट्रीय संपदा का अभिन्न अंग है, और इसे नुकसान पहुंचाना एक दंडनीय अपराध है। भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए रेल प्रशासन बिहार सरकार, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), और रेल पुलिस के साथ मिलकर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ कर रहा है। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे रेल संपत्ति की सुरक्षा में सहयोग करें और किसी भी समस्या की स्थिति में स्टेशन अधिकारियों या हेल्पलाइन से संपर्क करें। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। रेल प्रशासन यह भी अपील करता है कि यात्रीगण हमेशा उचित टिकट लेकर ही ट्रेनों में सफर करें तथा अपनी टिकट की श्रेणी के अनुसार ही उचित श्रेणी के डब्बों में प्रवेश करें। जिससे किसी को भी परेशानी नही होगी और किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से बचा जा सकेगा।

संक्षिप्त समाचार

## बीडीओ ने प्रखंड बीएलओ के साथ बैठक कर दिया निर्देश

**छपरा**।मढ़ौरा प्रखंड बीएलओ की एक बैठक अनुमंडल सभागार में मंगलवार को सम्पन्न हुई। बीडीओ सुधीर कुमार की अध्यक्षता में सभी बीएलओ को 90 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं का भौतिक सत्यापन का निर्देश दिया गया है। चुनाव आयोग के मिले निर्देश के आलोक में बीडीओ ने बताया की विधानसभा के चुनाव से पहले वोटर लिस्ट के सत्यापन का कार्य किया जाना है। इसके तहत विधानसभा में सभी अधिक उम्र के मतदाता खासतौर पर 90 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता का भौतिक रुप से सत्यापन का निर्देश दिया गया है। बीएलओ अपने बुथ क्षेत्र में सभी अधिक उम्र के मतदाता को चिन्हित कर उनका भौतिक रुप से सत्यापन कर रिपोर्ट प्रखंड को सौपेगे। रिपोर्ट के आधार पर ऐसे सभी मतदाता जो अब जीवित नही होने वोटर लिस्ट से उनका नाम विलोपित करने की पहल की जाएगी।

## मोर्चा ने की मार्कशीट शीघ्र उपलब्ध कराने के माँग

**छपरा**।सामाजिक संगठन भारतीय युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष अमित नयन ने गुरुवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो० अशोक कुमार मिश्र के कार्यालय में अंकपत्र कॉलेज में शीघ्रता पूर्वक उपलब्ध कराने के लिए एक स्मार- पत्र सौंपा। अमित नयन ने पत्र के माध्यम से कहा कि पिछले ढाई से तीन महीना में विभिन्न कॉलेजों के छात्रों द्वारा बैंक चालान के साथ मार्कशीट के लिए आवेदन दिया गया है। लेकिन अभी तक कई महाविद्यालयों में अंक पत्र उपलब्ध नहीं हो पाया है। जिस कारण छात्रों को विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयन होने के उपरांत दस्तावेज सत्यापन में भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल



**सुगौली**। बेतिया मोतिहारी मुख्य मार्ग के श्रीपुर चौक के समीप नीलगाय को बचाने के दौरान एक बाइक सवार बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुगौली में कराया गया। जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए उसे मोतिहारी रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सराफ अपने निजी वाहन से बेतिया किसी कार्य से जा रहे थे तभी दुर्घटना में घायल युवक सड़क पर पड़ा हुआ था। तुरंत सांसद प्रतिनिधि ने इसकी जानकारी सुगौली थाना को दी। मौके पर पुलिस में पहुंचकर घायल को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सुगौली में भर्ती कराया। घायल योर की पहचान पश्चिमी चंपारण जिला के योग पट्टी निवासी फिरोज आलम के रूप में किया गया है।

## जिला खनिज फाउंडेशन समिति की बैठक अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में संपन्न



**जहानाबाद**। अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला खनिज फाउंडेशन समिति की बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम पूर्व में चयनित योजनाओं की समीक्षा की गई तथा आज के इस बैठक में नये योजनाओं के चयन हेतु समिति के द्वारा विचार विमर्श किया गया। पूर्व में अनुमोदित योजनाओं के तहत जिला के 59 विद्यालयों में बेंच डेस्क, 50 विद्यालयों में छात्राओं के लिए सैनेटरी पैड के वेन्डिंग मशीन एवं Incinerator की व्यवस्था पेयजल, बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर, वाणावर एवं अतिथि गृह में R.O. plant स्थापित करने एवं जिला के विभिन्न स्थलों पर 50 अदद चापाकल लगाने की समीक्षा की गई एवं पूर्व अनुमोदित योजनाओं के कार्यो को शीघ्र कार्यान्वयन हेतु संबंधित पदाधिकारीओं को निदेश दिया गया है। नये योजनाओं के चयन एवं क्रियान्वयन हेतु सदस्यों से प्रस्ताव की मांग की गई तथा आगामी बैठक में अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, सिविल सर्जन डॉ देवेन्द्र प्रसाद, जिला योजना पदाधिकारी सृष्टि सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी रश्मि रेखा, जिला खनन पदाधिकारी, डीपीएम स्वास्थ्य एवं अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल थे।

# मांझी विधानसभा पहुंची जनसुराज युवा संघर्ष यात्रा की बाइक रैली

नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा**। जन सुराज के प्रदेश युवा अध्यक्ष आनंद मिश्रा के नेतृत्व में चल रही जन सुराज युवा संघर्ष यात्रा बुधवार को मांझी विधानसभा के जलालपुर पहुंची। जहां पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा का राज्य कार्यकारणी सदस्य ब्रजेन्द्र कुमार सिंह " मुन्ना भवानी " के नेतृत्व में सैकड़ो युवाओं ने जोरदार स्वागत किया। इस यात्रा के तहत आनंद मिश्रा और उनकी टीम द्वारा बिहार में 20 हजार किलोमीटर की बाइक रैली करने का लक्ष्य है। जलालपुर में आनंद मिश्रा ने कहा कि जन सुराज युवा संघर्ष यात्रा पटना के मरीन ड्राइव स्थित गांधी आश्रम से निकली है। यह यात्रा पूरे बिहार में घूमकर वापस पटना में आकर समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जन सुराज

**» बिहार का सर्वांगीण विकास है जनसुराज का लक्ष्य : मुन्ना भवानी**

बिहार के सभी सीटों पर मजबूती से लड़ेगी। जन सुराज युवा संघर्ष यात्रा के तहत मैं गांव-गांव जाकर लोगों से मिल रहा हूँ। वहीं बिहार की आम जनता भी बदलाव को तैयार है। जन सुराज एक बेहतर विकल्प के तौर पर जनता के सामने है। मौके पर ब्रजेन्द्र कुमार सिंह "मुन्ना भवानी" ने कहा कि जनसुराज का लक्ष्य बिहारवासियों के लिए बेहतर शिक्षा व्यवस्था बनाना,पलायन रोककर युवाओं को क्षेत्रीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना,बुजुर्गों के लिए पेंशन की व्यवस्था करना, महिलाओं के हाथ में कम ब्याज में पूंजी उपलब्ध कराना है,जिससे वे स्वरोजगार से जुड़ सकें।



इस रैली में जिला अध्यक्ष बच्चा प्रसाद राय,जनाब खुर्शीद नैयर, उदयशंकर सिंह, नीरज कुमार तिवारी, अभिषेक तिवारी ,आर्यन तिवारी ,अप्पू सिंह ,आनंद यादव, बिनोद मांझी,प्रखंड अध्यक्ष असलम जी, प्रताप सिंह, जितेंद्र मांझी,चन्द्र देव मांझी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## मगध मेडिकल कॉलेज ,गया के प्रिंसिपल बने डॉ राजेन्द्र प्रसाद



नई सोच एक्सप्रेस

**गया**। मगध मेडिकल कॉलेज, गया के प्रिंसिपल डॉ राजेन्द्र प्रसाद को बनने पर इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन ( आई एम ए) हाल के प्रांगण में शहर के लब्ध प्रतिष्ठित चिकित्सक उनके अभिनन्दन समारोह में उपस्थित हो कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आई एम ए से जुड़े चिकित्सकों ने डॉ राजेन्द्र प्रसाद को चिकित्सा जगत के विभूति की संज्ञा दी। आजाद वेलफेयर सेन्टर के सचिव एवं गया के जाने माने हैम्योपैथिक चिकित्सक, डॉ, के के कमर ने कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद के मगध मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल बनने से अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ होगा। साथ ही सुदूर से आए निर्धन, लाचार और जरूरतमंदों मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध उपलब्ध कराया जाएगा। मगध मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता अस्पताल के भ्रष्टाचार को मुक्त करना है। सुलभ व्यवस्था और सुविधाओं से परिपूर्ण होगा।

## नाबालिग लड़की का शादी प्रशासन ने रोका 1098 में गुप्त सूचना मिली

नई सोच एक्सप्रेस

**किशनगंज**। ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के जिरनगच्छ पंचायत अंतर्गत निचितपुर गांव में एक 14 वर्षीय नाबालिक बच्ची की शादी पांजीपारा के एक युवक से तय हुआ था। गुप्त सूचना के आधार पर जन निर्माण केन्द्र किशनगंज कि टीम ने तुरंत इसकी सूचना अनुमंडल पदाधिकारी -सह- बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी व जिला बाल संरक्षण इकाई किशनगंज के सहायक निदेशक रवि शंकर तिवारी को दी। अनुमंडल पदाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थाना व बीडीओ को रोकने का निर्देश दिया। संयुक्त टीम दलबल के साथ बच्ची के घर पहुंची। जहां देखा कि मामला सही है और शादी की तैयारियां चल रही है। टीम द्वारा बच्ची के माता पिता को समझाया गया और 18 वर्ष पूरा होने के बाद ही शादी कराने की बात कही। यह बात समझाने के बाद परिजनो के लोग मान गए और विवाह को रोक दिया गया। उक्त टीम ने परिजनों से एक शपथ पत्र भरवाया। जिसमें वह इकरार किया कि अपने बच्ची की विवाह 18 वर्ष



पूरा होने के बाद ही करेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि बाल विवाह एक कानून अपराध है। जिसमें विवाह में शामिल सभी लोगों को दो साल की जेल व एक लाख रुपए का जुर्माना का प्रावधान है। तो वही जिला बाल संरक्षण इकाई किशनगंज के सहायक निदेशक रवि शंकर तिवारी ने बताया कि किसी भी नाबालिक की शादी करवाना या करना या किसी तरह से सहायता प्रदान करना गैर जमानतीय कानूनी अपराध है। नाबालिक कि विवाह से शिक्षा के अधिकार, बच्चे के विकास, मानसिक शक्ति और समाज पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उक्त टीम में संबंधित थाना के पुलिस बल सहित प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद आसिफ , संस्था के मोहम्मद जहांगीर आलम, परिमल कुमार सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, व चाइल्ड हेल्प लाइन की संयुक्त टीम एवं ग्रामीण मौजूद थे।

लेट्स इंस्पायर बिहार

राहुल कुमार सिंह

मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

## खो रही नैतिकता को वापस लाने का नेक प्रयास

### नैतिक मूल्यों में आई गिरावट बिहार के विकास का सबसे बड़ा अवरोध



नई सोच एक्सप्रेस

**[ लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के शुरुआती दिनों से आईपीएस विकास वैभव बिहार में शिक्षा समता और उद्यमिता के विकास लिए लोगों को प्रेरित करते आए है। ]**

आज से तीस चालीस साल पहले भ्रष्टाचार से अर्जित धन का बहिष्कार सबसे पहले घर से होता था। पड़ोसी नाक मुहँ सिकोड़ते नज़र आते थे। नाई की दुकान हो या मिठाई की दुकान सब जगह ऐसे अस्वाभाविक ऐसे अप्राकृतिक ऐसे अपूर्व ऐसे अनुपम ऐसे अद्वितीय ऐसे निराला ऐसे बेजोड़ कार्य के लिए सर्वत्र विरोधाभास के लक्षण नज़र आते थे। लोगों के बीच कनाफुंसी और पीठ पीछे निन्दा आम बात थीं। महिलाओं का जमघट ख़ास तौर से इसी सिलसिले में लगता था। ऐसे कपटी लोगों को देश द्रोहियों की भांति लोग समाज से बहिष्कृत समझते थें। अब तो, घर हो या बाहर पूजा उसी की होती है। जिसके पास धन है। धन कहाँ से आया ? कैसे आया ? इस बात की परवाह किसे रहती है। लोगों का तो बस एक जवाब होता है -किसे फुरसत है। यहाँ तो आम जनमानस को रोज़ी रोटी के लाले पड़े है। बस उसी के जुगाड़ में दिन रात व्यस्त रहते है। मेरे मन में यह विचार दौड़ता है। फुरसत किसे है ? श्रेष्ठजन को ! अमीरों को ! या फिर विदेश में बैठें आकाओं को। सब अपनी तरह से देश को घुमाते रहते हैं। जिसे जो मन में आया किया। कानून बना ! फिर कानून टूटा । भला हो इस देश की नयायपालिका का जिसके दम पर , जिसके सब्सटेंसियल सर्विस पर लोगों का जीवन नारकीय होने से बचा हैं। पर, चिंता का विषय अब यह भी है कि नयायपालिका के तराजू में भी बेईमानों ने निष्ठुरों ने क्रूरों ने निर्दयों ने अपना मतलब साधने हेतु छेद करना शुरू कर दिया हैं। कभी-कभी न्याय धीरे-धीरे उस छेद से टपक पड़ता है और न्याय को इंसाफ नहीं मिल पाता। विश्व में हजारों ऐसे उदहारण मिले हैं। भारत में भी कई उदहारण मिल चुके है अभी कुछ साल ही पूर्व में मुख्य नयायाधीश अल्तमश कबीर के उपर भी पक्षपात करने का इल्जाम लगा था। अब जब, घर की बुनियाद ही कमजोर हो तो अच्छे नयायाधीश बनने शुरुआत कैसे हो ? घर में माता-पिता के अन्दर अगर संकल्प की कमी हो तो फिर एक सभ्य नागरिक की उत्पत्ति कैसे होगी। पूरा विश्व इसका गवाह है कि जो भी महान अथवा विद्वान बने उनके संकल्प और सोच की प्रारम्भिक शिक्षिका उनकी माँ ही थी अथवा पिता थे। बचपन में ही नैतिकता को बच्चों के अन्दर कूट-कूट कर भरने की पहली जिम्मेवारी माता-पिता को हैं। उन्हें झूट न बोलना ,चोरी न करना अथवा दूसरों का समान बिना पूछे न छूना जैसे सच्चे पुरुषार्थ भरने की जिम्मेवारी भी माता-पिता को ही हैं। कहाँ जाता है कि बच्चों को सिगरेट पिने का लत अपने पिता द्वारा छोड़े गए सिगरेट के टुकड़े से होता है। फिर तो, माता-पिता को बहुत संयम से रहना होता हैं। एक संकल्प के साथ जीना होता हैं। आज सम्पूर्ण बिहार में ऐसे अभिभावकों की अत्यंत दुर्लभता हो गई हैं और इन्हीं कारणों से भ्रष्टाचार अपने चरमोत्कर्ष पर हैं शीर्ष पर विराजमान हैं। माता पिता को बचपन से ही अपने बच्चों के अंदर मानवीय संवेदनाओं को जागृत कराने का प्रयास करना चाहिए। परिवार से सीखे नैतिक मूल्यों के आधार पर विकसित युवा ही, अपने कंधे पर राष्ट्र निर्माण के बोझ को ढोने के लिए संकल्पित होता हैं। ऐसे ही नैतिक मूल्यों को जागृत कराने के लिए आईपीएस विकास वैभव ने लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान मंच को चुना है। प्रयास सफ़ल भी हो रहा है। अभियान में सकारात्मक भूमिका निभाने वाले लोगों को जोड़ने में आईपीएस विकास वैभव कामयाब हो गए है। आइए, हम सब मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं। अच्छे संस्कार के साथ युवाओं को अपने बिहार को सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

## मधुबनी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में तोड़फोड़ करने वाले उपद्रवियों के विरुद्ध की गई कानूनी कार्यवाई

नई सोच एक्सप्रेस

**समस्तीपुर**। रेल मंडल के क्षेत्र के मधुबनी रेलवे स्टेशन पर दिनांक 10 फरवरी 2025 को गाड़ी संख्या 12561 स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के दरवाजे के अंदर से बंद होने के कारण उग्र होकर कुछ उपद्रवियों द्वारा ट्रेन के दरवाजों और खिड़कियों को क्षतिग्रस्त किया गया था। रेल प्रशासन द्वारा इस घटना को गंभीरता से लिया और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने तकनीकी साक्ष्यों और स्त्रोतों के आधार पर जांच शुरू की, जिसके परिणामस्वरूप एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ आरपीएफ पोस्ट,

**» एक उपद्रवी गिरफ्तार, अन्य की पहचान कर कानूनी कार्यवाई की प्रक्रिया शुरू**

दरभंगा में विभिन्न रेल अधिनियमों के तहत मामला दर्ज किया गया है। अन्य संलिप्त व्यक्तियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं। रेलवे संपत्ति राष्ट्रीय संपदा का अभिन्न अंग है, और इसे नुकसान पहुंचाना एक दंडनीय अपराध है। भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए रेल प्रशासन बिहार सरकार, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), और रेल पुलिस के साथ मिलकर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ कर



रहा है। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे रेल संपत्ति की सुरक्षा में सहयोग करें और किसी भी समस्या की स्थिति में स्टेशन अधिकारियों या हेल्पलाइन से संपर्क करें। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। रेल प्रशासन यह भी अपील करता है कि यात्रीगण हमेशा उचित टिकट लेकर ही ट्रेनों में सफर करें तथा अपनी टिकट की श्रेणी के अनुसार ही उचित श्रेणी के डब्बों में प्रवेश करें। जिससे किसी को भी परेशानी नही होगी और किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से बचा जा सकेगा।

## 5 लीटर देसी शराब के साथ एक करोबारी गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस

**सुगौली**। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 5 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया। थाना अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि आजाद चौक के समीप मोटरसाइकिल से शराब लेकर एक कारोबारी कहीं जा रहा था। जब उसकी जांच की गई तो उसके पास से 5 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार युवक थाना क्षेत्र के गोङिगावा गांव निवासी जमुना साह का पुत्र विशाल



कुमार बताया जाता है ।

## फतुहा होम्योपैथिक अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर

नई सोच एक्सप्रेस

**फतुहा**। होम्योपैथिक अस्पताल फतुहा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसका अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा , संचालन भाजपा नेत्री भाजपा जिला मंत्री शोभा देवी तथा मुख्य अतिथि डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल। डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि आपातकालीन आहार ''इन फीट'' और ''मिल फिट'' नाम से टैबलेट बनाई गई है। मिलेटस यानी ज्वार, बाजरा ,कोदो राजी और कुटकी आदि से मिलाकर इन्हें दो साल में तैयार किया गया है। देश के दुर्गम स्थान में तैनात सैनिकों तक राशन पहुंचना भारी चुनौती होती है, इससे बाहर भूकंपीय तूफान जैसे हालात में बचाव दल के साथ आम लोगों को भी खाना पानी की पूर्ति नहीं हो पाती, ऐसी विशेष परिस्थिति में महत्व एक टैबलेट पोषण की जरूरत पूरी कर सकेगी। लखनऊ स्थित देश की

**» मिलेट्स एक टेबलेट से ही खाने-पीने की जरूरत पूरी होगी**

विख्यात शोध संस्थान सिर इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी रिसर्च ने आपातकालीन आहार का निर्माण की है।

**इन टैबलेट को दवाओं की तरह स्टोर भी कर सकते हैं**- यह टैबलेट कैसे तैयार की गई। कितने समय तक खराब नहीं होगी। अब तक ऐसा कोई कॉम्पैकट नहीं था जो आपात स्थितियों में लिया जा सके यहीं से इसे बनाने का आइडिया आया । आइडिया से लेकर इसकी रिसर्च टेस्टिंग और प्रोटोटाइप लांच होने में 2 साल वक्त लगा। यह टैबलेट अलग-अलग तरह के मिलेटस से बनी है। पोषण पर शोध के साथ विशेषज्ञों की निगरानी में इन्हें खास तरीके से बनाया गया है।इनमें शरीर के लिए जरूरी मैक्रोन्यूट्रिएंडस जैसे कार्बोहाइड्रेट प्रोटीन ,फैट और मैक्रोन्यूट्रिएंट्स जैसे विटामिन और मिनरल्स का संतुलन है। साथ ही ओमेगा 3



इट एसिड भी है ताकि शरीर में सफुर्ती के साथ रिकवरी भी आसान हो।आम टैबलेट की तरह से यह वज में हल्की होगी साथ ही इन्हें लंबे समय तक स्टोर करके रख सकते हैं यह खाने में भी बिल्कुल आसान होगी।

**किन लोगों के काम आएगी** -इन्हें आपात परिस्थितियों जैसे बाढ़,भूकंप या तूफान में खाने के विकल्प के तौर पर खास डिजाइन किया है। जहां परंपरागत खाना पहुंचाना संभव नहीं न हो साथ ही सेना की जवान, कठिन सपोर्ट्स जैसे मैराथन आदि खेलने वाले खिलाड़ी ,स्पेस में जाने वाले अंतरिक्ष यात्री भी खाने के विकल्प रूप में इसे अपने साथ ले जा सकेंगे बाद में आम लोगों के लिए लाने की योजना है। इन टेबलेट के बाजार में कब तक आने की संभावना है ? पिछले दिनों ही इन टेबलेट का प्रोडक्ट लॉन्च हो चुका है रेगुलेटरी अनुमति मिलने के बाद पायलट स्तर पर इनका उत्पादन शुरू हो जाएगा ,इसके लिए सरकारी और निजी क्षेत्र की कंपनियों से बात चल रही है उनकी कीमत फिलहाल तय नहीं हुई है। इस अवसर पर मनोरमा देवी शिल्पी देवी अनीता देवी अनामिका पटेल शोभा पटेल रश्मि पटेल आदि सैकड़ो शामिल हुए।

## सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर शौचालय एवं पेयजल की सुविधा अनिवार्यः डीएम

नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा**। जिलाधिकारी श्री अमन समीर ने समाज कल्याण से संबंधित विभिन्न संचालित योजनाओं की समीक्षा की। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय एवं पेयजल की सुविधा प्राथमिकता से उपलब्ध कराने हेतु त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। सरकारी भवनों में संचालित शौचालय विहीन सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची अविलंब उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। इन आंगनबाड़ी केंद्रों में पंचायत निधि से शौचालयों का निर्माण कराया जायेगा। निजी भवनों में किराये पर संचालित सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय की सुविधा होनी चाहिये। निजी भवनों में संचालित जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय की सुविधा नहीं है, उन्हें तुरंत दूसरे उपयुक्त निजी भवन में शिफ्ट करने को कहा गया। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल की सुविधा अनिवार्य रूप सुनिश्चित करने का स्पष्ट निदेश दिया गया। मनरेगा के अभिसरण से जिला में 90 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है। इनमें से लगभग 60 केंद्रों का भवन निर्माण पूरा किया गया है। शेष भवनों का निर्माण तेजी से पूरा करने को कहा गया।



प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य का कम से कम 95 प्रतिशत निबंधन एक सप्ताह के अंतर्गत सुनिश्चित करने का स्पष्ट निदेश दिया गया। जिन सेविकाओं द्वारा इसमें रुचि नहीं ली जायेगी उन्हें तत्काल प्रभाव से सेवा से चयनमुक्त कर बर्खास्त किया जायेगा। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहतअधिक से अधिक आवेदन सृजित कर ऑनलाइन इंट्री सुनिश्चित कराने को कहा गया। मिशन शक्ति के तहत दिव्यांग महिलाओं के आवासन हेतु शक्ति सदन एवं कामकाजी महिलाओं के छात्रावास के लिये सखी सदन का संचालन किया जाना है। तत्काल किराये के निजी मकान से इसका संचालन किया जायेगा।इसके लिये समाचारपत्रों में आम सूचना प्रकाशित कर उपयुक्त निजी भवन को चिन्हित करने को कहा गया। बैठक में उपविकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी छपरा सदर, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आदि जुड़े थे।

संक्षिप्त समाचार

## टीकेएम ने लैंड क्रूजर 300 की बुकिंग शुरू की



**पटना।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने लैंड क्रूजर 300 की बुकिंग शुरू करने की घोषणा की। यह प्रतिष्ठा, शक्ति और दमदार क्षमता का प्रतीक है। 70 से अधिक वर्षों की विरासत पर बना, लैंड क्रूजर 300 टोयोटा की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता की परम अभिव्यक्ति है। इसे लक्जरी चाहने वालों और ऑफ-रोड उत्साहियो की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। बेजोड़ विश्वसनीयता, प्रभावशाली उपस्थिति और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मशहूर, लैंड क्रूजर 300 टोयोटा की वैश्विक श्रृंखला की प्रमुख एसयूवी है। नवीनतम संस्करण में एक क्रांतिकारी नया प्लेटफ़ॉर्म, उन्नत पावरट्रेन, अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाएँ और शानदार इंटीरियर शामिल हैं, जो लक्जरी, शक्ति और ऑफ-रोड प्रभुत्व का एक सहज मिश्रण सुनिश्चित करता है। लैंड क्रूजर 300 दो अलग-अलग ग्रेड्स – जेडएक्स और जीआर-एस में उपलब्ध है। ये एक ट्विन-टर्बोचार्ज्ड वी6 इंजन से संचालित है, जो अपने पूर्ववर्ती की तुलना में बेहतर दक्षता, उच्च टॉर्क आउटपुट और बढ़ी हुई ईंधन अर्थव्यवस्था प्रदान करता है। 10-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन (एटी) के साथ जोड़ा गया, एसयूवी निर्बाध त्वरण और अनुकूलित पावर डिलीवरी प्रदान करता है, जिससे हर ड्राइव एक रोमांचक अनुभव बन जाता है। सबसे कठिन इलाकों को संभालने के लिए डिज़ाइन किया गया, टीएनजीए-एफ प्लेटफ़ॉर्म पर एक लैडर-फ्रेम के साथ निर्मित, लैंड क्रूज़र 300 को बहुत हल्का बनाता है, फिर भी बहुत फुर्तिला और कठोर है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट वरिंदर वाधवा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा,"लैंड क्रूजर 300 ताकत, परिष्कृतता और ऑफ-रोड कौशल की अंतिम अभिव्यक्ति है। टोयोटा के टीएनजीए-एफ प्लेटफ़ॉर्म पर निर्मित, यह मॉडल एक शक्तिशाली ट्विन-टर्बो वी6 इंजन, अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं और एक शानदार लेकिन मजबूत डिजाइन के साथ बेहतर ड्राइविंग अनुभव प्रदान करता है।

## दिल्ली विश्वविद्यालय का 101 वां दीक्षांत समारोह 22 फरवरी को

» समारोह के मुख्य अतिथि होंगे केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और कुलपति प्रो. योगेश सिंह करेंगे अध्यक्षता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के 101 वें दीक्षांत समारोह का आयोजन 22 फरवरी, 2025 को किया जा रहा है। इस समारोह में भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मुख्य अतिथि होंगे। समारोह की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह करेंगे। इस समारोह के माध्यम से 2024 में अपनी डिग्री पूरी करने वाले यूजी, पीजी एवं पीएचडी के विद्यार्थी दीक्षित होंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीयू के परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुरप्रीत सिंह टुटेजा ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय के खेल परिसर स्थित मल्टीपर्पज हाल में होगा। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह के दौरान कुल 194 गोल्ड एवं सिल्वर मेडल तथा पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रो. गुरप्रीत सिंह टुटेजा ने बताया कि यूजी और पीजी के विद्यार्थियों को कुल 159 गोल्ड मेडल एवं एक सिल्वर मेडल प्रदान किए जाएंगे। इसी तरह यूजी और पीजी के विद्यार्थियों को कुल 34 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रो. टुटेजा ने बताया 248 पुरुष और 246 महिला विद्यार्थियों को मिलाकर कुल 494 विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि डीयू के रेगुलर विद्यार्थियों और एनसीडबल्यूईबी के विद्यार्थियों को मिलाकर कुल 77446 यूजी, 6812 पीजी और 29 पांच वर्षीय प्रोग्रामों के विद्यार्थियों को भी डिग्रियां प्रदान की जाएंगी।

## 22 फरवरी से प्रत्येक शनिवार को 'शब्दवीणा सृजन त्रिविधा' नाम से एक साप्ताहिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

**गया।** राष्ट्रीय साहित्यिक-सह-सांस्कृतिक संस्था 'शब्दवीणा' द्वारा प्रत्येक शुक्रवार आयोजित होने वाली संगीत संध्या 'सरगम' एवं प्रत्येक रविवार आयोजित होने वाली भेंटवार्ता 'सत्यम् शिवम् सुन्दरम्' को श्रोताओं एवं दर्शकों से काफी सराहना मिल रही है। जहाँ 'सरगम' कार्यक्रम संगीत की गायन एवं वादन विधाओं से जुड़ा है, वहीं 'सत्यम् शिवम् सुंदरम्' कार्यक्रम में साहित्यिक तथा सांस्कृतिक जगत की चर्चित तथा प्रेरक हस्तियों के साथ भेंटवार्ता आयोजित की जा रही है। शब्दवीणा की संस्थापक-सह-राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने बताया कि 22 फरवरी से प्रत्येक शनिवार को 'शब्दवीणा सृजन त्रिविधा' नाम से एक साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जिसमें हर शनिवार रात्रि 8.00 बजे से 9.00 बजे तक तीन बाल, युवा, अथवा वरिष्ठ रचनाकारों का समूह साहित्य की तीन मूल विधाओं गद्य, पद्य अथवा नाटक विधाओं पर आधारित प्रस्तुतियाँ देंगे। सृजन त्रिविधा का शुभारंभ मथुरा के कवि रामदेव शर्मा राही, बेंगलुरु के कवि निगम राज़ एवं बरेली की कवयित्री नेहा मिश्रा के काव्य पाठ से किया जायेगा। संचालन शब्दवीणा की दिल्ली प्रदेश संगठन मंत्री डॉ विभा जोशी द्वारा किया जायेगा। हर शनिवार आयोजित होने वाले इस साप्ताहिक साहित्यिक आयोजन का आनंद साहित्यप्रेमी फेसबुक पर शब्दवीणा केन्द्रीय पेज से उठा सकेंगे। डॉ. रश्मि ने कहा कि साहित्य का दायरा सिर्फ कविता लेखन अथवा काव्य पाठ तक ही सीमित नहीं कर दिया जाना चाहिए। इससे साहित्यिक सृजन में नीरसता तथा उबाऊपन भी आ जाने की संभावना बन जाती है। कथाकारों, लेखकों, समीक्षकों, निबंधकारों, नाटककारों, व्यंग्यकारों, विचारकों, प्रतिवेदकों एवं पत्रकारों के लिए भी संवादात्मक साहित्यिक मंच होना जरूरी है। शब्दवीणा द्वारा प्रत्येक शनिवार नियमित रूप से आयोजित होने वाले कार्यक्रम "सृजन त्रिविधा" में इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखा जायेगा। 'सृजन त्रिविधा' कार्यक्रम से रचनाकारों की रुचि केवल कविता लेखन एवं वाचन तक ही सीमित नहीं रखकर, कथा, लघु कथा, नाटक, संस्मरण, व्यंग्य, साहित्यिक संवाद, रिपोतार्ज, आलेख लेखन आदि में भी बढ़ाने की कोशिश की जायेगी। 'शब्दवीणा सृजन त्रिविधा' कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्य बहुआयामी हैं एवं इसके प्रभाव अत्यंत सृजनात्मक होंगे।

## रेखा गुप्ता के सीएम बनने से डीयू के विद्यार्थियों को मिलेगी प्रेरणा: कुलपति प्रो. योगेश सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह ने डीयू की पूर्व छात्रा रेखा गुप्ता के दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने पर खुशी जताते हुए कहा कि यह दिल्ली विश्वविद्यालय के लिए गर्व और सम्मान की बात है कि दौलत राम कॉलेज की पूर्व छात्रा श्रीमती रेखा गुप्ता दिल्ली की मुख्यमंत्री बनी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को इससे प्रेरणा मिलेगी कि अगर हमारे पूर्व के विद्यार्थी ऐसा कर सकते हैं तो हम भी कर सकते हैं। उनका जीवन बहुत लोगों की जिंदगी को बदलेगा। कुलपति ने रेखा गुप्ता को दिल्ली के मुख्यमंत्री बनने पर बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वह दिल्ली के लिए अच्छा करेंगी और दिल्ली को आगे बढ़ाने में उनका भरपूर योगदान होगा।

# अदाणी-इस्कॉन महाप्रसाद: फूड डिस्ट्रिब्यूशन का शानदार मैनेजमेंट, बर्बादी होती है ना के बराबर

### अदाणी और इस्कॉन ने खाने की बर्बादी रोकने के लिए बनाया मजबूत सिस्टम

नई सोच एक्सप्रेस



» लाखों लोग खाते हैं लेकिन बर्बादी होती है ना के बराबर
» खाने की बर्बादी 2 फीसदी से भी कम
» प्लानिंग और ट्रैकिंग से रोकी जाती है अन्न की बर्बादी

**गोड्डा।** अदाणी समूह और इस्कॉन मिलकर प्रयागराज महाकुंभ मेला क्षेत्र के साथ शहरभर में महाप्रसाद का वितरण करवा रहा है। अदाणी समूह ने प्रतिदिन 1 लाख श्रद्धालुओं को भोजन उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। इसके लिए इस्कॉन की रसोई में पूरे दिन सरगर्मी बनी रहती है। लाखों लोगों तक पहुंचने वाले इस प्रसाद वितरण की सबसे नायाब बात है अन्न बर्बाद न होने के लिए किया जाने वाले प्रयास और प्लानिंग। इस्कॉन प्रवक्ता का कहना है कि किसी भी हाल में 2 फीसदी से ज्यादा अन्न को बर्बाद नहीं होने दिया जाता।

**महाप्लानिंग से रुकती है अन्न की बर्बादी**-इस्कॉन की रसोई में प्रसाद बनाने की तैयारी देर रात 2 बजे के आसपास ही शुरू हो जाती है। इस्कॉन के सेवक निखिल बताते हैं कि हम रोज सुबह इस काम के लिए लिए निकलते हैं और सुबह ही तकरीबन 500 कुंटल सब्जी खरीदी जाती है। कब-क्या और कितना खरीदना है यह सब अचानक नहीं होता। इसकी प्लानिंग एक दिन पहले से ही कर ली जाती है कि प्रसाद में क्या परोसा जाएगा। इतना ही नहीं आने वाले अगले दिन के लिए भी प्लान पूरी तरह से तैयार कर लिया जाता है। इस हिसाब से प्रसाद निर्माण और वितरण के एक दिन पहले और बाद का पूरा खाका तैयार रखा जाता है। प्रसाद निर्माण की प्रक्रिया के साथ ही अन्न की बर्बादी को रोकने की प्लानिंग भी शुरू हो जाती है। इसके लिए 4 लोगों की एक टीम है जो लगातार प्रसाद की खपत का रिकॉर्ड रखती है। यह टीम हर घंटे प्रसाद की खपत को मापती है। एक अनुमान के मुताबिक महाकुंभ में एक जगह पर अमूमन 1 घंटे में 800 से 1000 लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस बात का भी अंदाजा लगाया जाता है कि लोग कितनी मात्रा में प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। प्रसाद वितरण से जुड़ी टीम के एक सदस्य का कहना है कि अमूमन जब श्रद्धालु बैठ कर प्रसाद ग्रहण करते हैं तब यह मात्रा 750 ग्राम के आसपास होती है। लेकिन जब लोग खड़े होकर या चलते-चलते प्रसाद ग्रहण करते हैं तो यह मात्रा घटकर 350-400 ग्राम पर आ जाती है।

**लगातार होती है ट्रैकिंग**-भले ही अदाणी-इस्कॉन के प्रसाद वितरण करने वाली टीम के पास जोमैटो और स्विगी जैसे फूड ऐप्स जैसे ट्रैकिंग सिस्टम नहीं हैं लेकिन फिर भी प्रसाद वितरण को लगातार ट्रैक किया जाता है। इसे ट्रैक करने के लिए 4-5 लोगों की एक टीम है जो रसोई से खाना बाहर निकलने के बाद उसकी खपत को लगातार ट्रैक करती है। जिन स्थानों पर प्रसाद वितरण चल रहा है वहां पर मौजूद टीम के सदस्य वक्त-वक्त पर प्रसाद की उपलब्धता और खपत की जानकारी देते रहते हैं। शाम होते-होते सभी वितरण स्थलों से बचे हुए प्रसाद को एकत्र किया जाता है और बचे हुए प्रसाद को शाम 6-7 बजे तक फिर से वितरित कर दिया जाता है। एक टीम इस बात की जांच भी करती है कि खाना खराब न हुआ हो। अगर जाम या किसी अन्य वजह से प्रसाद वापस आने की स्थिति में नहीं होता तो अदाणी और इस्कॉन के वॉलेंटियर जाम में फंसे और पैदल चलते लोगों के बीच प्रसाद को वितरित कर देते हैं। इस पूरी कवायद में सभी का लक्ष्य एक है कि अन्न का एक भी दाना बर्बाद न हो। बता दें कि अदाणी समहू ने इस्कॉन के साथ मिल कर प्रतिदिन 1 लाख लोगों में महाप्रसाद वितरण का लक्ष्य रखा है। यह सेवा महाकुंभ मेला जारी रहने तक चलती रहेगी। इसके अलाना अदाणी समूह गीता प्रेस के साथ मिलकर 1 करोड़ आरती संग्रह का वितरण भी कर रही है।

## मूल्यसंबर्धक उत्पाद से किसान समृद्ध होंगे : शिल्पी नेहा तिर्की

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के सौजन्य से दो दिवसीय किसान मेला सह कृषि प्रर्दशनी का उद्घाटन झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग की मंत्री, शिल्पी नेहा तिर्की ने करते हुए कहा कि मूल्यसंबर्धक उत्पाद से झारखंड के किसान समृद्ध हो सकते हैं। उन्होंने एपीपी एग्रीगेट खूंटी द्वारा लगाए गए मशरूम मूल्यसंबर्धक उत्पाद बड़ी, पापड, अचार, लड्डू, मिक्चर, बिस्कुट, पेडा, नमकीन आदि की प्रर्दशन प्रदर्शनी देखकर काफी प्रशंसा और सराहना की।साथ में एपीपी एग्रीगेट खूंटी के निदेशक, प्रभाकर कुमार, कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग के सचिव, अबु बकर सिद्दकी ( भाप्रसे ) स्थानीय विधायक, राजेश भारद्वाज मौजूद थे। उन्होंने मेले में लगे 58 स्टाल का निरीक्षण किया। कृषि विज्ञान केन्द्र, खूंटी द्वारा किया गया कार्यो की सराहना की। 9 लब्ध प्रतिष्ठित किसानों को सम्मानित किया। एपीपी एग्रीगेट खूंटी के राज्य प्रभारी, अनमोल कुमार, मुख्य प्रशिक्षिका,पूनम संगा, और निशा कुमारी सहायिका ने प्रर्दशन प्रदर्शनी अहम् भूमिका निभाई।

## उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**कहलगांव।** एमएसएमई विकास कार्यालय पटना के सहायक निदेशक श्री संजीव आजाद ने भारत के प्राचीनतम विक्रमशिला विश्वविद्यालय के क्षेत्र कहलगांव में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम किया । भागलपुर जिला अंतर्गत विश्व धरोहर विक्रमशिला विश्वविद्यालय के क्षेत्र कहलगांव में NEC कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर के सभागार में आज एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार के पटना स्थित एमएसएमई विकास कार्यालय के द्वारा उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के 70/80 युवक और युवतियों में भाग लिया। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के पटना स्थित एमएसएमई विकास कार्यालय के सहायक निदेशक श्री संजीव आजाद ने उपस्थित लोगों को एमएसएमई की क्रियाकलापों एवं उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान किया और लोगों को अपने क्षेत्र में उद्योग लगाकर समाज में उत्पन्न बेरोजगारी की समस्या का समाधान देने वाला बनने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बैंक ऑफ़ इंडिया कहलगांव शाखा के सहायक प्रबंधक श्री अशोक कुमार, NEC कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर के निर्देशक श्री आशुतोष कुमार और श्री अंकेश कुमार ने दीप प्रज्वलित करके किया। सहायक निदेशक श्री संजीव आजाद ने एमएसएमई मंत्रालय के विभिन्न क्रियाकलापों, उद्योग के लिए मिलने वाले सहायता और योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारियां दी। उन्होंने उपस्थित लोगों को भारत सरकार एवं बिहार सरकार उद्योग विभाग की महत्वाकांक्षी उद्यमी योजना से जुड़कर उद्योग क्षेत्र में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम संयोजक श्री अंकेश कुमार ने उपस्थित बेरोजगार युवक युवतियों को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारियां दी। NEC कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर के निदेशक श्री आशुतोष कुमार श्री राजेश कुमार और बेबी शाहीन ने उद्योग स्थापना के बारे में बहुत सी जानकारियां प्रदान किया। MSME के सहायक निदेशक श्री संजीव आजाद ने अपने मंत्रालय के द्वारा संचालित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तृत जानकारियां लोगों को प्रदान किया और लोगों से इस योजना का लाभ उठाने के लिए आगे आने को कहा। श्री राजेश कुमार सिंह ने भी लोगों को उद्योग लगाकर बेरोजगारी दूर करने में भागीदार बनने के लिए प्रोत्साहित किया। अंत में श्रीमती कुमारी सपना ने उपस्थित लोगों को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा किया।

# स्ट्रक्चरल हृदय रोग के इलाज में अपोलो ने जागरूकता फैलाई

नई सोच एक्सप्रेस




**मुंबई।** अपोलो हॉस्पिटल्स नवी मुंबई (AHNM) ने हर साल 22 फरवरी को मनाए जाने वाले, हृदय वाल्व रोग जागरूकता दिवस के अवसर पर, अपने स्ट्रक्चरल हार्ट स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की अध्यक्षता में एक अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया। लोगों को हृदय वाल्व की बीमारी के बढ़ते मामलों और उपलब्ध विभिन्न इलाज विकल्पों के बारे में जानकारी देकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अस्पताल ने यह कदम उठाया। स्ट्रक्चरल हृदय रोग एक ऐसी बीमारी है जो हृदय के वाल्व और उसके चेम्बर्स को प्रभावित करती है। हर साल इसके मामले बढ़ रहे हैं। इसके कारण जन्मजात हो सकते हैं, या बाद में पैदा हो सकते हैं। एट्रियल सेप्टल दोष (ASD) और वेंट्रिकुलर सेप्टल दोष (VSD) जन्मजात हृदय रोग (CHD) के उदाहरण हैं और इनका इलाज पेडिएट्रिक इंटरवेंशनल कार्डिओलॉजिस्ट्स द्वारा किया जाता है। इस रोग के बाद में पैदा होने वाले कुछ आम कारण आमवाती हृदय रोग (आरएचडी), उम्र बढ़ना, कैल्शियम का जमाव या आनुवंशिक हो सकते हैं। स्ट्रक्चरल हृदय रोग के लक्षण कई हो सकते हैं, इनमें ज़्यादातर सांस की तकलीफ, सीने में दर्द, चक्कर आना, घबराहट, टखनों, पैरों या पेट में सूजन आदि शामिल हैं। बहुत से लोग शुरूआती चेतावनी के संकेतों को अनदेखा कर देते हैं, इसलिए जागरूकता बहुत महत्वपूर्ण है। रोग का समय पर पता लगने से आगे की बड़ी जटिलताओं को रोका जा सकता है। हृदय वाल्व रोग जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में, अपोलो हॉस्पिटल्स नवी मुंबई ने अपने असाधारण कार्डियक विशेषज्ञों के साथ मिलकर जीवन बचाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मज़बूत किया। यह सभी कार्डियक विशेषज्ञ कार्डियक वाल्व और रिदम मैनेजमेंट उपकरणों, पेसमेकर और वेंट्रिकुलर सहायक उपकरणों जैसे उन्नत संरचनात्मक हृदय उपकरणों का उपयोग करने में प्रशिक्षित हैं। इन सभी कार्डियक विशेषज्ञों ने हृदय रोग का जल्द से जल्द निदान कर पाने के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर ज़ोर दिया। डॉ. राहुल गुप्ता - सीनियर कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, स्ट्रक्चरल हार्ट डिजीज एंड रिदम डिसऑर्डर स्पेशलिस्ट, वाल्व एक्सपर्ट - टीएवीआई, टीएमवीआर अपोलो हॉस्पिटल्स नवी मुंबई ने कहा,"उन्नत न्यूनतम इनवेसिव उपचारों के साथ मरीज़ों को स्वस्थ जीवन का एक और मौका देने में हम सक्षम हैं। हमारी एक मरीज़, 73 वर्षीय महिला काफी कमज़ोर हो चुकी थी, उनमें कई जटिलताएं थी, जिसके कारण उन पर ओपन हार्ट प्रक्रिया करने में बहुत बड़ा जोखिम था। उन्हें पहले रूमेटिक हार्ट डिजीज़ (RHD) हो चूका था, जिसके लिए 2017 में माइट्रल वाल्व रिप्लेसमेंट किया गया था। ECG से पता चला कि उन्हें गंभीर ट्राइकसपिड वाल्व रोग है। पारंपरिक प्रक्रियाएं उनके लिए व्यवहार्य विकल्प नहीं थीं, हमने TRIC वाल्व प्रक्रिया की, जिसके बेहतरीन परिणाम मिले। मरीज़ को दूसरे दिन छुट्टी दे दी गई, उनकी कार्यात्मक क्षमता में उल्लेखनीय सुधार हुआ। यह नवी मुंबई में रिपोर्ट किया गया पहला मामला है। उचित योजना और प्रक्रिया के लिए सही मरीज़ का चयन ऐसी प्रक्रियाओं की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है।" डॉ. ब्रजेश कुंवर-सीनियर कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, स्ट्रक्चरल हार्ट डिजीज स्पेशलिस्ट अपोलो हॉस्पिटल्स नवी मुंबई ने कहा,"आजकल लोगों की जीवनशैली उन्हें हृदय की बिमारियों के करीब ले आती है; साथ ही, उन्हें ऐसे समाधानों की आवश्यकता होती है जिनसे उन्हें कम से कम जटिलताओं का सामना करना पड़ें और वे जितनी जल्दी हो सके अपनी दिनचर्या में वापस आ सकें। एक 80 वर्षीय पुरुष मरीज़ रक्त पतला करने वाली दवाएं ले रहे थे और पहले बाईपास सर्जरी करवा चुके थे। उन पर पारंपरिक पेसमेकर के इस्तेमाल को लेकर कई मतभेद थे। उनकी स्थिति को सुरक्षित रूप से संबोधित करने के लिए, हमने सबसे नए लीडलेस पेसमेकर को सफलतापूर्वक इम्प्लान्ट किया। यह एक उन्नत, न्यूनतम इनवेसिव उपकरण है जो पारंपरिक पेसमेकर की तुलना में संक्रमण की जोखिम और दीर्घकालिक जटिलताओं को कम करने में मदद करता है। मरीज़ को बिना बेहोश किए, 1 घंटे की प्रक्रिया में, सफलतापूर्वक इम्प्लान्ट किया गया और मरीज़ को 24 घंटों के बाद घर भेज दिया गया। इस नए पेसमेकर की लाइफ 25 साल है, जो पारंपरिक पेसमेकर की लाइफ से दोगुनी है।"

## शॉर्ट फिल्म मायावी लैला के गीत "माही तू" की सफलता पर आमिर शेख, रेखा भानुशाली को मिल रही बधाई

नई सोच एक्सप्रेस



**मुम्बई।** चर्चित शॉर्ट फिल्म मायावी लैला का सॉन्ग "माही तू" प्लेनेट 9 चैनल पर रिलीज होते ही लाखों लोगों को पसन्द आ रहा है। सिंगर ऐक्टर आमिर शेख और गायिका रेखा भानुशाली के इस सॉन्ग की मुम्बई के कृष्णा स्टूडियो में सक्सेस प्रेस मीट का आयोजन किया गया जहां सॉन्ग से जुड़ी टीम के साथ चीफ गेस्ट के रूप में अब्बू मलिक भी उपस्थित थे। शॉर्ट फिल्म मायावी लैला में आमिर शेख, जावेद हैदर, सुफियान कपाड़िया, रंजना गदारा और श्रेया शेट्टी ने अभिनय किया है। इस सॉन्ग में रैप गाकर सुर्खियों में छाए आमिर शेख ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि फ़िल्म मायावी लैला का यह सिचुएशनल गीत है लेकिन इसे दर्शकों ने इतना सराहा कि इस सॉन्ग को अलग से रिलीज किया गया जिसे लाखो में व्यूज मिल रहे हैं। रेखा भानुशाली ने इस गीत को जिस अंदाज में गाया वह एकदम सटीक बैठती प्रतीत हुई। चीफ गेस्ट अबु मलिक ने कहा कि माही तू बहुत ही बढ़िया गीत है। रेखा भानुशाली और आमिर शेख ने प्रभावी ढंग से गाया है। वैसे भी मैं आमिर शेख को मल्टी टैलेंटेड मानता हूं क्योंकि वह बेहतरीन सिंगर, ऐक्टर हैं। गीत संगीत के प्रति उनकी लगन और उनका जज़्बा सराहनीय है। गायिका रेखा भानुशाली इस गीत के हिट होने से काफी खुश और उत्साहित हैं। उनकी आवाज़ का अपना एक अलग अंदाज है। जब वह सुर लगाती हैं तो एक खनक पैदा होती है जो श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देती है। रेखा भानुशाली ने बताया कि सबसे पहले मैं संगीतकार जाकिर सदानी और आमिर शेख का शुक्रिया अदा करूंगी जिन्होंने मुझे इतने बड़े प्लेटफार्म पर अवसर दिया। रिकॉर्डिंग के वक्त आमिर शेख और ज़ाकिर जी ने काफी सपोर्ट किया। गीतकार संगीतकार ज़ाकिर सदानी ने कहा कि जब मुझे बताया गया कि चुड़ैल पर एक गाना बनाना है तो मैं सोच में पड़ गया कि क्या बनाया जाए। फिर कई मुखड़ो के बाद माही तू सॉन्ग फाइनल किया गया। कई और सिंगर्स से भी इस गाने को हमने स्क्रेच गवाया था मगर रेखा भानुशाली की आवाज़ खरी उतरी। प्लेनेट 9 प्रोडक्शंस प्रस्तुत माही तू के संगीतकार ज़ाकिर सदानी, सिंगर्स रेखा भानुशाली, आमिर शेख, गीतकार ज़ाकिर सदानी, आमिर शेख, म्युज़िक प्रोड्यूसर पिनाकी राय, कोरियोग्राफर कौसर शेख, प्रोड्यूसर ए1 म्युज़िक, को प्रोड्यूसर केके हैं। यह प्रोजेक्ट रानी इंद्राणी शर्मा और मन गुलाटी ने रिलीज़ किया है। फ़िल्म मायावी लैला के स्क्रिप्ट राइटर अमित रजक हैं।

## जंगली हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पाद, किसानों के फसलों को किया नष्ट



नई सोच एक्सप्रेस

**किशनगंज।** किशनगंज में जंगली हाथियों के झुंड ने घुसकर जमकर उत्पाद मचाया है। जहां हाथियों के झुंड ने दर्जनों किसानों के फसलों को तोड़ते हुए काफी नुकसान पहुंचाया हैं। हाथियों के इस उत्पाद से इलाके में लोग काफी दहशत में है, और लाखो की क्षति हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिघलबैंक प्रखंड क्षेत्र के गिरितोला, तेजनारायण टोला, जादूतोला, धनतोला, मुलाबाड़ी, डोरिया सहित अन्य कई गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने प्रवेश करते हुए किसानों के फसलों को बर्बाद किया है। लगभग 5-6 की संख्या में हाथियों की झुंड ने तबाही मचाया है। साथ ही हाथियों ने गांव के किसान मुश्फिक आलम, मुबैर आलम, शमीम अंसारी, विकास कुमार, हेमनरायण सिंह आदि के मक्का व केला के फसल को भी अपने भारी भड़कम पैरों से रौंदते हुए नुकसान पहुंचाया है, जिससे किसानों की लाखो की क्षति हो गई है। पीड़ितो ने बताया कि हाथियों की झुंड उनके खेतों में घुसकर मक्के और केले की फसल को भारी क्षति पहुँचाया है। प्रत्येक सालों में नेपाल से हाथी घुसकर काफी उत्पाद मचाया करते है। पूर्व में कई जाने में जा चुकी है, मगर प्रशासन के द्वारा हाथियों को भगाने के लिए अबतक कोई भी ठोस व मजबूत कदम नहीं उठाया गया है।

# भगदड़ प्रशासनिक/ व्यवस्थागत असफलता

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में अठारह लोगों की मौत हो गई जबकि अनेक घायल हुए हैं। प्रयागराज और मगध एक्सप्रेस के अतिरिक्त विशेष ट्रेनों से महाकुंभ जाने वालों की भीड़ स्टेशन पर बढ़ती जा रही थी। रेलवे प्रशासन अत्यधिक भीड़ बढ़ने की वजह से यह घटना घटी बता रहा है। चश्मदीदों और यात्रियों का कहना कि पैदल पुल पर बेतहाशा बढ़ती भीड़ के कारण भगदड़ हुई। रेलवे पर कुछ ट्रेनों के अचानक रद्द करने का आरोप है। हैरत की बात है, रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार पर कोई ऐसी व्यवस्था नहीं की गई जिससे भीड़ को बाहर ही रोका जा सके। लोगों ने ज्यादा टिकट बुक कराई तब भी रेल-प्रशासन नहीं चेता। कुचल कर मरने की ऐसी घटनाएं प्रशासनिक/व्यवस्थागत असफलता हैं! इनकी लगातार पुनरावृत्ति बताती है, हम अभी भी उन्नीसवीं सदी में जी रहे हैं। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी और पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दंभ भरने वालों को इस भीषण भगदड़ में मारे जाने वालों के प्रति तनिक क्षोभ नहीं होता। महाकुंभ में डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं का भारी जमावड़ा अयोध्या और वाराणसी में भी प्रसिद्ध मंदिरों में दर्शन करने के दौरान भी हो रहा है। मगर वहां की अव्यवस्था को लेकर भी खबरें न के बराबर आ रही हैं। निःसंदेह इतनी भारी भीड़ को संभालने में मुट्ठी भर पुलिसकर्मी कभी सफल नहीं हो सकते। कुंभ के दरम्यान मची भगदड़ के बाद की तरह इस बार भी विपक्ष द्वारा सरकार पर मृतकों और घायलों की संख्या छिपाने का आरोप लगाया जा रहा है। अपनी नाकामी छिपाने तथा सच्चाई पर परदा डालने की बजाय सरकार को इन मौतों से सबक लेने के प्रयास करने चाहिए। भीड़ को नियंत्रित करने और सटीक अंदाजा लगाने वालों को प्रथम पंक्ति में लाना होगा। अक्षम अधिकारियों पर सख्ती करनी होगी, उन्हें सिर्फ घुड़की देने की रवायत के बाद हाथ झाड़ कर नहीं बैठना चाहिए। इस तरह के किसी भी बड़े आयोजन के लिए विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों को स्पष्ट दायित्व दिए जाने चाहिए। जनता की जान की कीमत कम कर आंकने की आदत पर सरकार को पश्चाताप करना चाहिए।

# धनाढ्यों के विदेश पलायन पर प्रदर्शन क्यों नहीं?



आरती कुमारी

डॉनल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद सौ से अधिक अवैध भारतीयों के पहले बैच को अपराधियों की तरह अपमानजनक तरीके से भारत भेजा गया है। सितम्बर- 2024 तक सालभर में अवैध रूप से अमेरिका जाने की कोशिश में 90 हजार से अधिक लोग पकडे गये थे। ये लोग अपनी जीवनभर की कमाई एवं पूंजी को दांव पर लगाकर अमेरिका जैसे देशों में जाने के वैध एवं अवैध तरीके अपनाते हैं, इनका इस तरह देश छोड़कर जाने का कारण समझ में आता है, लेकिन धनाढ्य परिवारों का भारत से पलायन कर विदेशों में बसने का बढ़ता सिलसिला समझ से परे हैं। ऐसे क्या कारण है कि लोगों को देश की बजाय विदेश की धरती रहने, जीने, व्यापार करने, शिक्षा एवं रोजगार के लिये अधिक सुविधाजनक लगती है, नये बनते भारत के लिये यह चिन्तन-मंथन का कारण बनना चाहिए। संसद परिसर में अमेरिका से लौटे अवैध भारतीयों के स्वदेश लौटने की विडम्बनापूर्ण एवं विसंगतिपूर्ण स्थितियों को लेकर व्यापक प्रदर्शन हुए, लेकिन क्या इन बुद्धिमान विपक्षी दलों के सांसदों को कभी धनाढ्यों के भारत छोड़कर जाने एवं इस तरह भारत का अपमान करने की स्थितियों पर भी प्रदर्शन नहीं करना चाहिए? 'हेनले प्राइवेट वेल्थ माइग्रेशन रिपोर्ट' के अनुसार पिछले दो साल से ऐसे लोगों की संख्या औसतन 5,000 रही है। इन अमीरों को आप कभी शिकायत करते नहीं सुनेंगे। ये इतने स्मार्ट हैं कि बिना हौ-हल्ला किये विदेश में जाकर बस जाते हैं। तथ्य यह है कि इनके पास 'सरप्लस' है, और ये भारत में निवेश करने की जगह विदेश का रुख कर रहे हैं। इनमें से कई इसलिए देश छोड़ रहे हैं क्योंकि विदेश में सुरक्षा है और गुमनाम रहने की सुविधा है। इनसे भी जो ज्यादा अमीर हैं, ऐसे करोड़पति, अरबपति और खासकर डॉलर अरबपति कमाई तो भारत में करते हैं और जीते अमेरिका जैसे देशों में है। 'फोर्ब्स' के आंकड़ों के अनुसार ये केवल 200 हैं। करोड़पति अगर चुपचाप देश से जा रहे हैं, तो अरबपति विदेश की धरती से तेज आवाज में सरकार की तारीफ कर रहे हैं और इस तरह के मंत्रों का जाप कर रहे हैं कि 'हमारी अर्थव्यवस्था जल्द ही सबसे बड़ी तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है', कि यह 'दुनिया में सबसे तेजी से वृद्धि दर्ज करा रही विशाल अर्थव्यवस्था है'। प्रश्न है कि इन समृद्ध लोगों का देश की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने में क्या योगदान है? उनका भारत से पलायन क्यों हो रहा है? सरकार इन पर क्या कदम उठा रही है? विपक्षी दल क्यों मौन धारण किये हुए है? क्या कारण है कि जन्मभूमि को जननी समझने वाला भारतवासी आज अपनी समृद्धि को भोगने या अपनी प्रतिभा का विदेश की चकाचौंध भरी धरती पर उपयोग करने, उन्हें लाभ पहुंचाने विदेश की ओर भागता है और वहां जाकर सम्पन्न एवं भोगवादी जीवन जीने लगता है? क्या कारण है कि शस्य श्यामला भारत भूमि पर अपनी समृद्धि से विकास के नये क्षितिज उद्घाटित करने या अपनी प्रतिभा से देश को लाभान्वित करने की बजाय विदेश की धरती को लाभ पहुंचाते हैं। बड़ा सवाल यह भी उठना स्वाभाविक है कि आखिर क्या कमी है हमारे यहां? यह बात सही है कि गांव से कस्बे, कस्बे से शहर और शहरों से महानगरों में जाकर बसने की मानवीय प्रवृत्ति होती है। इसे विकास से भी जोड़ा जा सकता है। लेकिन जब यह दौड़ बहुत ज्यादा होने लगे और लोग अपनी जड़ें ही छोड़ने को आकुल दिखें तो सोचना जरूरी हो जाता है। मुम्बई, दिल्ली, बेंगलूरु जैसे महानगर दुनिया के दूसरे महानगरों को टक्कर देने वाले हैं। फिर भी अगर ये भारतीय विदेशी महानगरों को ही चुन रहे हैं, तो तमाम पहलुओं पर विचार भी करना होगा। यह इसलिए भी जरूरी है कि यह दौड़ भारतीय महानगरों से विदेशी महानगरों की तरफ ही है। विदेश में बसने की यह दौड ऐसे समय देखने को मिल रही है जब देश में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं, जीवनशैली उन्नत एवं सुविधापूर्ण होती जा रही है, व्यापार एवं व्यवसाय की संभावनाओं को पंख लग रहे हैं। भारत दुनिया में साख एवं धाक जमा रहा है। दुनिया की नजरें भारत पर लगी है और यहां अनंत संभावनाओं को देखते हुए विदेशी भारत आ रहे हैं। फिर भारतीय विदेशों की ओर क्यों जा रहे हैं। सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था की सुनहरी तस्वीर निर्मित करने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, उनके अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। मोदी सरकार की नियोजित एवं दूरगामी सोच का ही परिणाम है रिजर्व बैंक के पास सोने के भंडार में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत में आर्थिक गतिविधियां नये शिखरों पर सवार है, क्योंकि भारत में डीमैट खाते 19 करोड़ के पार पहुंच चुके हैं। देश के कुल डीमैट खाते अब अन्य देशों की तुलना में नौवें स्थान पर हैं, जिसका मतलब है डीमैट खाते रूस, जापान, इथियोपिया, मैक्सिको जैसे देशों की आबादी से अधिक और बांग्लादेश की आबादी के करीब है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1,40,000 से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप और हर 20 दिन में एक यूनिकॉर्न उभरता है। यूनिकॉर्न उन स्टार्टअप को कहा जाता है, जिनका मूल्यांकन एक अरब डॉलर हो जाता है। इन उजले आंकड़ों में जहां मोदी के विजन 'हर हाथ को काम' का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर भारत ने अनेक क्षेत्रों में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। नयी आर्थिक उपलब्धियों एवं फिजाओं के बीच धनाढ्य परिवारों का भारत से पलायन कर विदेशों में बसने का सिलसिला चिन्ताजनक है। पलायनवादी सोच के कगार पर खड़े राष्ट्र को बचाने के लिए राजनीतिज्ञों एवं नीति नियामकों को अपनी संकीर्ण मनोवृत्ति को त्यागना होगा। तभी समृद्ध हो या प्रतिभाशाली व्यक्ति अपने ही देश में सुख, शांति, संतुलन एवं सह-जीवन का अनुभव कर सकेगा और पलायनवादी सोच से बाहर आ सकेगा। करोड़पतियों के देश छोड़कर जाने की 7500 की संख्या भले ही कुछ सुधरी है, लेकिन नये बनते, सशक्त होते एवं आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये यह चिन्तन का विषय होना ही चाहिए कि किस तरह भारत की समृद्धि एवं भारत की प्रतिभाएं भारत में ही रहे। भारत के अति समृद्धशालियों की संख्या समूचे विश्व में सर्वाधिक है। भारत के दृष्टिकोण से इस तथ्य का विश्लेषण ज्यादा जरूरी हो जाता है। जानना यह भी जरूरी है कि बचपन से जवानी तक का एक-एक पल देश में गुजारने और यहीं अमीर बनने का सफर तय करने के बाद देश से मोह भंग होने के कारण आखिर क्या हो सकते हैं? उम्मीद यह की जाती है कि देश में रहकर समृद्धि हासिल करने वाले समय आने पर देश को लौटाएंगे भी। सवाल यही है कि देश को लौटाने और फायदा देने का वक्त आता है तब एकाएक विदेश में जाकर बसने की ललक कैसे और क्यों पैदा हो रही है? अपने देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने के समय इस तरह की पलायनवादी सोच का उभरना व्यक्तिगत स्वार्थ, सुविधा एवं संकीर्णता को दर्शाता है। दुनियाभर में धन और निवेश प्रवासन के रुझान को ट्रैक करने वाली कंपनी की सालाना रिपोर्ट में अति समृद्ध भारतीयों का अपना सब-कुछ समेट कर हमेशा के लिए भारत से जुदा हो जाने का अनुमान अनेक प्रश्न खड़े करता है, सरकार को इन प्रश्नों पर गौर करने की जरूरत है।

## सूडोकु नवताल- 7348

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7347 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

# देश में सूचना क्रांति की महत्व बढ़ा

विनीत नारायण

एक बार लॉस एंजेलिस में उद्योगपतियों के एक सम्मेलन को संबोधित करते समय मैंने श्रम आधारित तकनीकी के समर्थन और औद्योगिकरण के विरोध में काफी जोर से भाषण दिया। तब वहां मौजूद एक धनाढय़ उद्योगपति गणपत पटेल ने मुझे एक पुस्तक भेंट की जिसमें बताया गया था कि 1920 में अमेरिका में जिन क्षेत्रों में रोजगार काफी मात्रा में उपलब्ध था, वे क्षेत्र 1960 के दशक में गायब हो गए। पर इससे बेरोजगारी नहीं बढ़ी क्योंकि अनेक नये रोजगार क्षेत्र विकसित हो गए। उदाहरण के तौर पर 1920 के दशक में हाथ की मशीन पर टाइप करने वालों की भारी मांग थी पर कंप्यूटर आने के बाद यह मांग समाप्त हो गई। 1920 में हवाई जहाज के पायलटों की कोई मांग नहीं थी। पर बाद में हजारों पायलटों की मांग पैदा हो गई। पटेल ने मुझसे जोर देकर कहा कि तकनीकी आने से बेरोजगारी नहीं बढ़ती। ऐसा ही अनुभव आज देश में सूचना क्रांति को देख कर हो रहा है। सूचना क्रांति ने हर क्षेत्र को बहुत व्यापक रूप में प्रभावित किया है। कुछ वर्ष पहले तक व्यापारी के बही-खातों में आमदनी-खर्च का जो हिसाब रखा जाता था वो इतना माकूल होता था कि उसमें एक पैसे की भी गलती नहीं होती थी। सदियों से भारत में यही प्रथा चल रही थी पर कंप्यूटर क्रांति ने सब बदल कर रख दिया। अब व्यापार के आंकड़े केवल आमदनी खर्च तक सीमित नहीं है। अब तो व्यापारी यह जानना चाहता है कि उसका कौन सा उत्पादन किस इलाके में ज्यादा बिक रहा है। उसके ग्राहक किस वर्ग के हैं। साल के किस महीने में उसकी बिक्री बढ़ जाती है। कौन सी राजनैतिक या सामाजिक घटनाओं के बाद किस वस्तु की मांग अचानक बढ़ जाती है। जैसे-जैसे यह जानकारी उत्पादक या वितरक कंपनी के पास आती-जाती है, वैसे-वैसे उसका नजरिया और नीति बदलने लगती है। जबकि बही-खाते में केवल आमदनी-खर्च या लाभ-घाटे का हिसाब रखा जाता था। सांप्रदायिक दंगों का अंदेशा हो तो अचानक शहर में डबल रोटी, दूध, चाय, कॉफी के पैकेट, दाल-चावल, चीनी, मोमबत्ती, टॉर्च, शस्त्रों की मांग बढ़ जाती है। जाहिर है कि इन वस्तुओं के निर्माताओं को देश की नाड़ी पर इस नजरिए से निगाह रखनी पड़ती है। जिस इलाके में सांप्रदायिक तनाव बढ़े वहां इन वस्तुओं की आपूर्ति तेजी से बढ़ा दी जाए। इसी तरह बरसात से पहले छाते और बरसाती की मांग, गर्मी से पहले कूलर और एसी की मांग, जाड़े से पहले हीटर और गीजर की मांग बढ़ जाना सामान्य सी बात है।

# रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाना जरूरत या मजबूरी

अशोक भाटिया , मुंबई

दिल्ली के मुख्यमंत्री को लेकर हो रहे राजनीतिक शोर-शराबे पर अब पूर्णविराम लग गया जब भाजपा की रेखा गुप्ता ने दलि्ली का मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करली । चुनाव नतीजों के बाद से ही रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाये जाने की अटकलें लगाई जा रही थीं, जिसपर अब मुहर लग गई है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि आखिर रेखा गुप्ता के सीवी में ऐसा क्या था कि भाजपा ने पहली बार की विधायक पर भरोसा जताया है। भारतीय जनता पार्टी इससे पहले भी कई राज्यों में मुख्यमंत्री के तौर पर नये चेहरे को लॉन्च कर चौंकाती रही है। जिसका उदाहरण, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा है। भाजपा जिस भी नेता को मुख्यमंत्री बनाती है, ये जरूर देखती है कि उन पर करप्शन का दाग नहीं हो। दिल्ली में मुख्यमंत्री का चुनाव करते हुए भी इस बात का ध्यान रखा गया है। भाजपा उन नेताओं को आगे कर रही है, जिनमें पद का लालच न हो और जो जनता के बीच रहकर काम कर सकें। इससे नीचे के कार्यकर्ताओं में सकारात्मक संदेश जाता है। अक्सर यह देखा गया है कि जिन नेताओं का आरएसएस और संगठन पर पकड़ रहता है, उन्हें भाजपा में जरूर मौका मिलता है। रेखा गुप्ता भी आरएसएस की सक्रिय सदस्य रह चुकी हैं। वह कॉलेज टाइम से आरएसएस से जुड़ी हुई हैं, जिस वजह से वह भाजपा की पहली पसंद बनकर उभरीं। भाजपा की 21 राज्यों में सरकार है, लेकिन कहीं भी महिला मुख्यमंत्री नहीं है। नये मुख्यमंत्री की शपथ लेते ही रेखा गुप्ता वर्तमान में भाजपा की पहली महिला मुख्यमंत्री बन जाएंगी। शालीमार बाग सीट परप्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी रेखा गुप्ता के लिए प्रचार किया था। इसी से संकेत मिल रहे हैं कि RSS चुनाव से पहले ही मुख्यमंत्री पद के लिए रेखा गुप्ता को चुन चुका था। बताया जाता है भाजपा की ओर से रेखा गुप्ता के नाम पर मुहर लगने के पीछे एक वजह ये भी है कि वह वैश्य समाज से आती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी इसी समुदाय से आते हैं। यह समुदाय भाजपा का कोर वोटर माना जाता है और प्रधानमंत्री मोदी भी अपनी कई भाषणों इसका जिक्र कर चुके हैं। रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा अब महिला मुख्यमंत्रियों की विरासत को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है। दिल्ली ने कई महिला मुख्यमंत्री देखी हैं, जिनमें कांग्रेस की शीला दीक्षित का 15 साल का शासन भी शामिल है। दिल्ली में आप की आतिशी और भाजपा की सुषमा स्वराज भी मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। कालकाजी से विधायक आतिशी भी पांच महीने तक कुर्सी पर रहीं। सितंबर 2024 में केजरीवाल के मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी मिली थी। वैसे मुख्यमंत्री पद की रेस में अरविंद केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा से लेकर दिल्ली के अनुभवी नेता विजेंद्र गुप्ता जैसे कई दिग्गजों के नाम चल रहे थे। बावजूद इसके पार्टी ने रेखा गुप्ता पर दांव लगाया है। भाजपा 13 राज्यों में सत्ता में है लेकिन अब तक पार्टी की कोई महिला मुख्यमंत्री नहीं थी। हालांकि पहले भाजपा की ओर से कई राज्यों में महिला मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। बताया जाता है कि रेखा गुप्ता को दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनाने का फैसला भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व का एक मास्टरस्ट्रोक है। इसके अनेक आयाम हैं। यह एक तीर के कई निशाने की तरह हैं। भाजपा की पॉलिटिक्स केवल दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को चौतरफा घेरने तक सीमित नहीं है बल्कि आने वाले समय में इस फैसले का असर बिहार से लेकर पश्चिम बंगाल चुनाव तक पड़ने वाला भी माना जा रहा है। 27 साल बाद भाजपा दिल्ली में सत्ता में लौटी है तो पार्टी ने बड़ी बिसात बिछाई है। भाजपा अपने उस मिशन को पूरा करना चाहती है, जिसे उनसे सन् 1998 में अधूरा छोड़ा था। रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाए जाने के पीछे कई वजहें हैं। मुख्यतौर पर पहली वजह महिला कार्ड है। एक महिला मुख्यमंत्री की सत्ता से विदाई के बीच भाजपा ने एक अन्य महिला को ही दिल्ली संभालने का मौका दिया है। दिल्ली के चुनाव में महिला वोटर्स को लेकर भाजपा और आप में काफी होड़ दिखी थी। भाजपा ने रखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर अरविंद केजरीवाल को भी राजनीतिक रूप से बड़ा जवाब दिया है, जिन्होंने चुनाव में जीत मिलने पर आतिशी को हटाकर खुद मुख्यमंत्री बनने का ऐलान किया था। रेखा गुप्ता दिल्ली की 8वीं मुख्यमंत्री हैं। अंतरिम सरकार के दो मुख्यमंत्री को जोड़ लें तो वह 10वीं मुख्यमंत्री हैं। दिल्ली में इससे पहले आतिशी, अरविंद केजरीवाल, शीला दीक्षित, सुषमा स्वराज, साहिब सिंह वर्मा, मदनलाल खुराना, गुरमुख निहाल सिंह और ब्रह्म प्रकाश को मुख्यमंत्री बनने का मौका मिला। आखिरी बार जब सन् 1998 में दिल्ली में भाजपा की सरकार थी, तब भी यहां सुषमा स्वराज के तौर पर महिला मुख्यमंत्री थीं। अब पार्टी ने लंबे वनवास के बाद एक बार फिर से दिल्ली की कमान महिला को सौंपा है तो इसका संकेत साफ है। भाजपा को साल 1993 से 1998 तक पांच साल के दौरान ही तीन मुख्यमंत्री बनाने पड़े थे। पहले मदनलाल खुराना और साहिब सिंह वर्मा के बाद भाजपा ने दिल्ली की सत्ता सुषमा स्वराज को सौंपी। तब भाजपा का दिल्ली में मिशन अधूरा रह गया था। बार बार मुख्यमंत्री बदलने पर भाजपा को आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा था।अब 27 साल बाद भाजपा को दिल्ली में सरकार बनाने का मौका मिला है। दरअसल भाजपा की जीत होती है तो मुख्यमंत्री कौन बनेगा? इसे 'आप' की ओर से बड़ा मुद्दा बनाया गया था। अरविंद केजरीवाल ने बार-बार भाजपा को मुख्यमंत्री पद के दावेदार के नाम की घोषणा करने की चुनौती दी थी। 'आप' ने इसे अपने कैंपेन का हिस्सा बनाते हुए पूछना शुरू कर दिया कि 'भाजपा का दूल्हा' कौन है? पार्टी ने एक अनोखा तरीका अपनाते हुए दिल्ली में कई जगह बैंड-बाजे के साथ खाली घोड़ा भी घुमाया। भाजपा ने बार-बार एक ही जवाब दिया कि सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा और मुख्यमंत्री पद की घोषणा चुनाव बाद विधायक दल की बैठक में होगी।बैठक भी हो गई और दूल्हा भी चुना गया और दूल्हा घोड़े पर भी बैठ गया । अब खिसयानी बिल्ली खंबा नोचे वाली स्थिति हो गई हैं । पूर्व मुख्यमंत्री आतशी आगे बढ़ कर दुल्हे का स्वागत कर रही है । अब 2025 में इतिहास एक बार फिर से खुद को दोहराता दिख रहा है। सत्ता का हस्तांतरण आम आदमी पार्टी की पूर्व महिला मुख्यमंत्री आतिशी से भाजपा की रेखा गुप्ता के पास हो रहा है। दिल्ली में एक महिला की सत्ता को दूसरी महिला के हाथों सौंपे जाने की ये कहानी वाकई संयोग से कम नहीं। इस प्रकार रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने दिल्ली ही नहीं बल्कि बिहार और पश्चिम बंगाल तक निशाना साधा है। दिल्ली में करीब 7 फीसदी वैश्य वोट है। रेखा गुप्ता वैश्य समुदाय से आती हैं। दिल्ली में बनिया होने के नाते भी अरविंद केजरीवाल के प्रति वैश्य वोट का झुकाव रहा है। अब रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनने से तस्वीर बदल सकती है। इसके अलावा एक खास संयोग यह भी देखें कि बनिया समुदाय से आने वाली रेखा गुप्ता का संबंध भी हरियाणा से है तो उन्हीं के समाज से आने वाले अरविंद केजरीवाल भी हरियाणा से ताल्लुक रखते हैं। यानी किसी भी मोर्चे पर भाजपा ने मैदान को खाली नहीं छोड़ा है। आम आदमी पार्टी फिलहाल इस राजनीति में बहुत पीछे रह गई है। भाजपा सभी मोर्चे पर आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को उन्हीं की भाषा और रणनीति में घेरने और शिकस्त देने की कोशिश कर रही है। आपको बता दें कि रेखा गुप्ता शालीमार बाग से पहली बार भाजपा की विधायक चुनी गई हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी की नेता वंदना कुमारी को शिकस्त दी थीं। दिल्ली में भाजपा के साथ लंबे समय से जुड़ी रही हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय की सक्रिय छात्र राजनीति का हिस्सा रही हैं। एबीवीपी की सचिव रह चुकी हैं। इसके अलावा पार्षद रहीं और पार्टी के महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष भी। यानी दिल्ली की वास्तविक जरूरतों को रेखा गुप्ता भी बिजेंद्र गुप्ता और डॉ। हर्षवर्धन जैसे पार्टी के दिग्गज नेताओं की तरह भली-भांति जानती और समझती हैं। उन्होंने दिल्ली की सड़कों पर उतर जमीनी लड़ाइयां लड़ी हैं। ऐसे में उन्हें दिल्ली की मुख्यमंत्री बनाने से पार्टी को जो कई लाभ मिलेंगे, उनमें सबसे पहला तो यही होगा कि राजधानी में भाजपा का जनाधार पहले से और भी मजबूत होगा। पार्टी दूरगामी विजन को साध सकेगी। दिल्ली की राजनीति में हार-जीत के लिए जितना दलित और मुस्लिम का मुद्दा प्रमुख रहा है, उतना ही महिला मुद्दा भी। बस में फ्री यात्रा या मोहल्ला क्लिनिक जैसी योजनाओं से दिल्ली में आम आदमी पार्टी शुरू से ही महिलाओं के वोट बैंक को साधती रही है। इस बार के चुनाव में आप ने सभी महिलाओं को 2100 रुपये प्रतिमाह देने का ऐलान किया तो भाजपा ने भी उसकी काट निकाली और महिलाओं को 2500 रुपये देने का वादा किया। इसी क्रम में कांग्रेस ने भी महिलाओं को लुभाने की भरपूर कोशिश की। इसका नतीजा मतदान प्रतिशत पर भी दिखा। 70 विधानसभा सीटों में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं ने 0.72 फीसदी ज्यादा मतदान किया। चुनाव आयोग के आंकड़े के मुताबिक महिलाओं ने कुल 60.92 फीसदी जबकि पुरुषों ने 60.20 फीसदी वोट किये। चूंकि महिलाओं ने वोटिंग में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तो महिला मुख्यमंत्री के फैसले को महिलाओं के हक नई सौगात भी कह सकते हैं। दिल्ली में तकरीबन 46 फीसदी महिला मतदाता हैं। भाजपा को प्रचार अभियान के दौरान ग्राउंड जीरो पर यह फीड बैक मिला कि महिलाओं की एक बड़ी तादाद अब भी आम आदमी पार्टी की तरफ है। हालांकि नतीजों से यह बात सामने आई कि जिन 40 सीटों पर महिलाओं का वोटिंग फीसदी ज्यादा रहा, उनमें से 29 सीटों पर भाजपा को जीत मिली, इसके बावजूद भाजपा ने महिला चेहरा को ही बतौर मुख्यमंत्री सामने रखा है। भाजपा पर अक्सर यह आरोप लगते रहे हैं कि महिला चेहरा को मुख्यमंत्री के तौर पर नहीं मौका दिया जाता या फिर उसकी सत्ता बदल दी जाती है। मध्य प्रदेश में उमा भारती का मसला हो या दिल्ली में सुषमा स्वराज का। यहां तक कि राजस्थान में भी वसुंधरा राजे सिंधिया को इस बार सत्ता से दूर रखा गया और दीया कुमारी को डिप्टी मुख्यमंत्री पद तक सीमित रखा गया। इस तरह दिल्ली में महिला को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने इन हमलों से खुद को फिलहाल बचा लिया है। देश में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बाद दूसरी महिला मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ही होंगी।




**मेष राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे अपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा। बिजनेस में बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते है, लेकिन शुरू करने से पहले अपनों से बड़ों की सलाह जरूर ले लें।

**वृष राशि** : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज इस बात का खास ख्याल रखें कि दूसरों से तभी दोस्ती करें और अपनी बातें शेयर करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और उसे भली-भांति समझ लें। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पिता अपके बिजनेस में आपका सहयोग करेंगें।

**मिथुन राशि** : आज का दिन खुशियां लेकर आया है। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायेंगे तो आपकी रचनात्मक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जायेगा। आज घर पर किसी चीज की मरम्मत करानी पड़ेगी। महिलाओं को घर के कार्यों से राहत मिलेगी। आज का आर्थिक पक्ष अच्छा रहेगा। शाम का समय भाई बहनों के साथ हँसी-मज़ाक में बीतेगा।

**कर्क राशि** : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगें। आज काम के हिसाब से फल मिलेंगे। जिस बड़े लक्ष्य को पूरा करने की इच्छा है, उससे संबंधित रास्ता मिलेगा। समय का सही इस्तेमाल करके काम पूरा करें।

**सिंह राशि** : आज का दिन आपके जीवन में खुशियाँ लेकर आया है। आज बच्चों को करियर के मामले में बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें ग़ौर से सुनें, भविष्य में आपके लिये फायदेमंद रहेगी। युवाओं को बढ़िया नौकरी मिलने की सम्भावना बन रही है। कारोबार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे।

**कन्या राशि**: आज का दिन फायदेमंद साबित होने वाला है। आज आपको पहले किये गये छोटे-मोटे कार्यों से भी पॉजीटिव रिजल्ट मिलेगा। सफलतायें छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी इससे आपका सकारात्मक विचार बनेगा। ऑफिस के कार्यो को करते समय फोकस बनायें रखें। आपको जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, उसे अपनी समझदारी से बखुबी निभायेंगें।

**तुला राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज अपने काम को आसान तरीके से करने का रास्ता निकाल लेंगे। नई योजना पर काम शुरू हो सकता है। परिवार की जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएंगे, जिससे प्रसन्नता बनी रहेगी। पैसों से संबंधित चिंता दूर होगी।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज आपकी इच्छा शक्ति मजबूत बनी रहेगी। आज आपको अपने अन्दर इगो लेन से बचना होगा। जो बातें आपको बेहतर बनाती हैं, केवल उन पर ध्यान दें और सकारात्मक सोच रखें।

**धनु राशि** : आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। करियर को बढ़ाने मे किये गये प्रयासों के चलते लाभ होगा। आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको ख़ुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। संतान की सफलता के कारण, घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**मकर राशि** : आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी, आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है, मेहनत के अच्छे परिणाम आपको हासिल होंगे। आज शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जायेंगे जहाँ आपके अन्य दोस्त भी होंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर विचार-विमर्श करना पड़ सकता है, शत्रु पक्ष आपकी योजनाओं से प्रभावित होंगे।

**कुंभ राशि** : आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रूका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। आज परिस्थितियों को ठीक से देखेंगे तो हर एक समस्या को हल कर पाएंगे। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा सुखद रहेगी। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट्स को पढ़ाई-लिखाई में शिक्षकों से मदद मिलेगी।

**मीन राशि** : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुये धन लाभ से आज अपनी जरुरत का सामान खरीदेंगे। दाम्पत्य जीवन में और मधुरता आएगी। आज नकारात्मक विचारों को दूर करके खुद में सुधार करेंगे। आज गुस्से को नियंत्रित करने की कोशिश करें। आज आपको काम की जगह नए अवसर मिलेंगे। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। समाज में आज आपका मान-सम्मान बढेगा। लवमेट के साथ चल रही अनबन आज समाप्त होगी।

# लक्ष्य का पीछा करने में सचिन से विराट को बेहतर मानते हैं सहवाग

**नई दिल्ली**। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि एकदिवसीय में लक्ष्य का पीछा करने में सचिन तेंदुलकर की तुलना में विराट कोहली बेहतर है। तेंदुलकर को दूसरे नंबर पर रखने पर सहवाग ने कहा कि क्रिकेट जगत एकदिवसीय क्रिकेट में कोहली जैसा निरंतरता वाला खिलाड़ी शायद ही दूसरा देख पाएगा। शुरुआत में, वह वह विराट कोहली नहीं थे जो वह आज हैं। उन्होंने अपना समय लिया और बहुत कुछ सीखा। और 2011-12 के बाद, वह बहुत बदल गए हैं। अपनी फिटनेस में और अपनी निरंतरता में उन्होंने अद्भुत पारियां खेली हैं। सहवाग ने ऐसे शीर्ष पांच बल्लेबाजों की सूची में वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज क्रिस गेल को पांचवें नंबर पर रखा है जबकि एकदिवसीय प्रारूप में गेल के 304 मैचों में 10480 रन हैं। उन्होंने कहा कि गेल एक महान बल्लेबाज



और सलामी बल्लेबाज थे। मुझे याद है कि भारत 2002-03 में वेस्टइंडीज आया था और क्रिस गेल ने 6 मैचों की श्रृंखला में तीन शतक लगाए थे। वह पहले खिलाड़ी थे जिन्हें मैंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखा था जो तेज गेंदबाजों के लिए बैकफुट पर आकर छक्के मारते थे। वहीं नंबर 4 स्थान दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स को दिया गया, जिन्होंने अपने करियर के दौरान 228 एकदिवसीय मैचों में 9577 रन बनाए। उनके बाद पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम-उल-हक हैं जिन्होंने 350 पारियों में 11739 रन बनाए हैं। सहवाग ने कहा कि नंबर 4 पर एबी डिविलियर्स हैं। वह जिस तरह से खेलते थे वह मुझे बहुत पसंद आया। वह एकमात्र बल्लेबाज हैं जो असंतुलित होकर छक्के मार सकते हैं। नंबर 3 पर इंजमाम-उल-हक हैं। वह एशिया के सर्वश्रेष्ठ वनडे खिलाड़ियों में से एक हैं। इंजमाम नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने आते थे और मैच को नियंत्रित करते थे। इसलिए, मैंने उनसे सीखा कि मैच को अंत तक कैसे ले जाना है।

# रिजवान ने हार के लिए बल्लेबाजों और गेंदबाजों को जिम्मेदार बताया

**मुम्बई**। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले ही मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली 60 रनों की करारी हार के लिए अपने बल्लेबाजों और गेंदबाजों को दोष दिया है। इस मैच में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 320 रन बनाये और मेजबानों को जीत के लिए 321 रनों का लक्ष्य दिया था जिसका पीछा करते हुए पाक टीम 47.2 ओवर में 260 रन ही बना पायी। रिजवान के अनुसार मैच में उनकी टीम ने दो बार लय खोई जिस वजह से न्यूजीलैंड को उन पर हावी होने का अवसर दिया। रिजवान ने मैच के बाद कहा, "उन्होंने अच्छा लक्ष्य दिया, हमें इसकी उम्मीद नहीं थी। हम 260 के आसपास के स्कोर की उम्मीद कर रहे थे। हमने अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया पर विरोधी टीम ने अच्छा खेला। हम पिच की स्थिति देखते हैं, पहले



पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। वहीं जब विल यंग और लेथम ने साथ मिलकर बल्लेबाजी की तो यह आसान हो गया। अंत में हमने त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल की तरह ही गलती की और उन्होंने अच्छा लक्ष्य बनाया।" 321 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने धीमी शुरुआत दी, उन्होंने इस मैच में 90 गेंदों का सामना करते हुए 6 चौकों और 1 छक्के की सहायता से केवल 64 रन बनाए। बाबर की इस धीमी पारी की वजह से दूसरे बल्लेबाजों पर दबाव पड़ा जिस वजह से टीम तेजी से बन बनाने के प्रयास में विकेट गंवाती रही। पाक कप्तान ने कहा, "हमें बल्ले से अच्छी शुरुआत नहीं मिली। हमने दो बार लय खोई, एक बार डेथ ओवरों में गेंदबाजी करते समय और फिर पावरप्ले में बल्लेबाजी करते समय। यह हमारे लिए निराशाजनक है अब हमें अगले मैच में अपनी गलतियों सुधारने पर ध्यान देना होगा।"

# बांग्लादेश ने चैम्पियंस ट्रॉफी में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया

**दुबई**। बांग्लादेश ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत के खिलाफ गुरुवार को यहां अपने पहले मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। बांग्लादेश के नजमुल हुसैन शांतो ने कहा कि विकेट अच्छा लग रहा है। वहीं भारतीय टीम के कप्तान रोहित ने कहा कि अगर वह टॉस जीतते तो पहले गेंदबाजी करते। रोहित ने कहा कि । अब अब दोनो ही टीमों ने 41 मैच खेले हैं जिसमें भारत ने 32 जीते हैं जबकि बांग्लादेश ने 8 जीते हैं। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की पिच से गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों को सहायता मिलती है। भारतीय टीम ने इस मैदान पर 6 में से 5 मैच जीते हैं। भारत ने इस मैदान पर 6 वनडे क्रिकेट मैच खेले हैं और उनका रिकॉर्ड बेदाग है। भारतीय टीम ने उनमें से 5




मैच जीते और एक गेम टाई पर समाप्त हुआ। सितंबर 2018 में भारत ने एशिया कप के फाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ खेला और मैच की अंतिम गेंद पर 3 विकेट से जीत हासिल की। मौसम की बात करें तो आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

**दोनो ही देशों की अंतिम ग्यारह-भारत** : रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जड़ेजा, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव

**बांग्लादेश** : तंजीद हसन, सौम्या सरकार, नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), तौहीद हृदोय, मुश्फिकुर रहीम (विकेटकीपर), मेहदी हसन मिराज, जेकर अली, रिशाद हुसैन, तंजीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान।

# एलएसजी का रुख आईपीए में आक्रामक रहेगा : जहीर

**नई दिल्ली**। लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) टीम के मेंटर जहीर खान ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में लखनऊ सुपरजायंटस के पास बाएं हाथ के कई बल्लेबाज हैं। पिछले साल की मेगा नीलामी के दौरान लखनऊ ने पांच बाएं हाथ के बल्लेबाजों को खरीदा है। इसमें से तीन को अंतिम ग्यारह में जगह मिल सकती है। ऋषभ पंत, निकोलस पूरन और डेविड मिलर शुरुआत में उतरेंगे। साथ ही कहा कि तीन बाएं हाथ के बल्लेबाजों के होने से टीम का रुख आक्रामक रहेगा। जहीर के अनुसार इतने बांए हाथ के खिलाड़ी रखना टीम की रणनीति भी हो सकती है। एलएसजी ने इस सत्र के लिए ऋषभ को कप्तान बनाया है। 2016 में दिल्ली डेयरडेविल्स की कप्तानी करने वाले जहीर ने ऋषभ को देखा है और उनके साथ काम किया है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज के अनुसार ऋषभ ऐसे व्यक्ति हैं जो पूरी टीम को प्रेरित कर सकते हैं



और क्रिकेट का एक ऐसा ब्रांड स्थापित कर सकते हैं जिसे एलएसजी खेलना चाहता है। उन्होंने कहा कि सीजन में उस माहौल को बनाने और किसी भी टीम के लिए सफलता के स्तंभ तैयार करने के लिए कप्तान की भूमिका अहम होती है। जिसमें वह सक्षम हैं। जहीर ने कहा, यह सामरिक बढ़त भी हो सकती है। हम इसे इसी तरह से देख रहे हैं। मैंने यह नहीं देखा है कि मैं टीम में कितने बाएं हाथ के खिलाड़ियों को चाहता हूं। जब तक आपके पास संतुलन है, आपके पास टीम में विकल्प हैं और आपके पास सभी विकल्प हैं, तब तक यह ठीक है। जब मैं अपनी टीम को देखता हूं, तो यह एक मजबूत इकाई की तरह दिखती है।

# डिविलियर्स का आरसीबी ने सही तरीके से उपयोग नहीं किया: मांजरेकर

**मुम्बई**। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर अपने विवादित बयानों के कारण चर्चओं में बने रहते हैं। अब उन्होंने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज रहे एबी डिविलियर्स ने आईपीएल में गलत टीम से खेला था। डिविलियर्स ने शुरुआत में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए आईपीएल में तीन सत्र खेले थे। वहीं 2011 की आईपीएल मेगा ऑक्शन में वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में शामिल हुए और 2021 में अपने करियर को अलविदा कहने तक उसकी ओर से ही खेलते रहे। डिविलियर्स ने 184 आईपीएल मैचों में 5162 रन बनाए लेकिन कभी टीम को आईपीएल खिताब नहीं जिता पाये। उन्होंने 2011 और 2016 में आरसीबी के साथ आईपीएल फाइनल खेला पर दोनों बार टीम हार गयी। 14 साल के अपने आईपीएल करियर में खिताब न जीतने के बावजूद डिविलियर्स आईपीएल में खेलने वाले सबसे बड़े क्रिकेटरों में से एक हैं। मांजरेकर के अनुसार डिविलियर्स का आरसीबी ने सही तरीके से उपयोग नहीं किया। मांजरकेर का कहना है कि डिविलियर्स को टॉप आर्डर में आना चाहिए था और उन्होंने यह भी कहा कि एबी ने गलत फ्रेंचाइजी के लिए खेला। रॉयल




चैलेंजर्स बेंगलुरु तीन बार ट्रॉफी के करीब पहुंची, 2009, 2011 और 2016 में, लेकिन वे फाइनल में हार गए। ट्रॉफी के सूखे के बावजूद,आरसीबी अतीत में कई महान बल्लेबाजों का घर रहा है जो मैच विनर से कम नहीं हैं। चाहे वह केएल राहुल हो, शेन वॉटसन हो, क्रिस गेल हो, ब्रेंडन मैकुलम हो या एबी डिविलियर्स, आरसीबी ने हमेशा अपने रैंकों में आक्रामक बल्लेबाजों की विलासिता का आनंद लिया है जो खेल को विपक्ष से दूर ले जा सकते हैं, लेकिन उनका खिताब का सूखा जारी है।

## व्यापार

# नागरिक उड्डयन मंत्री ने पायलटों के लिए लॉन्च किया 'इलेक्ट्रॉनिक पर्सनल लाइसेंस'






**नई दिल्ली**। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित उड़ान भवन में पायलटों के लिए इलेक्ट्रॉनिक कार्मिक लाइसेंस (ईपीएल) लॉन्च किया। इसके साथ ही भारत चालक दल के सदस्यों के लिए ईपीएल लागू करने वाला दुनिया का दूसरा देश बन गया है। चीन पहले ही ऐसी सुविधा लागू कर चुका है। इस अवसर पर के. राममोहन नायडू ने कहा कि भारत पायलट लाइसेंस को डिजिटल बनाने वाला दुनिया का दूसरा देश बन गया है। अब हमारे पायलट वैश्विक एजेंसियों के लिए सहज वास्तविक समय सत्यापन के साथ ईजीसीए ऐप के माध्यम से किसी भी समय अपने लाइसेंस को सुरक्षित रूप से एक्सेस कर सकते हैं। यह भारतीय विमानन के लिए एक बड़ा बदलाव है। नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की ओर से इलेक्ट्रॉनिक कार्मिक लाइसेंस (ईपीएल) का कार्यान्वयन सरकार की व्यापार सुगमता और डिजिटल इंडिया पहल के अनुरूप है। इलेक्ट्रॉनिक कार्मिक लाइसेंस देश में नागर विमानन के आधुनिकीकरण एवं सुरक्षा, संरक्षा और दक्षता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह आधुनिक विमानन प्रशासन के लिए अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) की रूपरेखा के अनुरूप है और भविष्य के लिए तैयार रहने की देश की तत्परता को दर्शाता है। इस अवसर पर नागर विमानन सचिव वुमलुनमंग वुअलनम और डीजीसीए के महानिदेशक (डीजी) फैज अहमद किदवई भी उपस्थित रहे।

# सोने के भाव में तेजी, चांदी की कीमत में भी उछाल

## सोना 86,500 रुपए, चांदी भी लगभग 97,000 रुपए

**नई दिल्ली**। सोने और चांदी के वायदा कारोबार में गुरुवार को तेजी देखी जा रही है। गुरुवार को दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ के साथ कारोबार कर रहे हैं। इस समय आज सोने के वायदा भाव 86,500 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 97,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 510 रुपये की तेजी के साथ 86,420 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह कॉन्ट्रेक्ट 578 रुपये की तेजी के साथ 86,488 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 86,488 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 86,411 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने




के वायदा भाव ने इसी महीने 86,592 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 391 रुपये की तेजी के साथ 96,797 रुपये पर खुला। इस समय यह 631 रुपये की तेजी के साथ 97,037 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 97,194 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 96,797 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। पिछले साल चांदी के वायदा भाव ने 1,00081 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने व चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। कॉमेक्स पर सोना 2,949.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,936.10 डॉलर प्रति औंस था। हालांकि इस समय यह 21.80 डॉलर की तेजी के साथ 2,957.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 33.15 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 33.04 डॉलर था। इस समय यह 0.24 डॉलर की तेजी के साथ 33.28 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 रेखा गुप्ता आज दिल्ली की 7वीं CM की शपथ लीं,दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री;उनके साथ और 6 मंत्री शपथ लिये
2 रेखा गुप्ता का जन्म हरियाणा के जींद जिले के जुलाना उपमंडल के नंदगढ़ गांव 1974 में हुआ था,जब वे दो साल की थीं,उनके पिता की नौकरी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में बतौर मैनेजर लगी,इसके बाद वे दिल्ली चले गए और 1976 में पूरा परिवार दिल्ली शिफ्ट हो गया; रेखा गुप्ता की पूरी पढ़ाई दिल्ली में हुई
3 सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि देश की स्वदेशी उत्पादन क्षमताएं बढ़ रही हैं,इसमें ड्रोन के क्षेत्र में भी प्रगति हो रही है,उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि उपकरणों का सौ फीसदी उत्पादन आखिरकार भारत में हो,भले ही इसमें कुछ साल और लग जाएं
4 चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति वाले कानून को चुनौती,SC ने 19 मार्च तक टाली सुनवाई
5 अश्लीलता रोकने के लिए सरकार लाएगी डिजिटल इंडिया बिल,सोशल मीडिया कंटेट पर नजर रखी जाएगी;केंद्र करीब 15 महीने से काम कर रहा
6 शीर्ष अदालत की दो टूकःमीडिया कोई भी बयान,समाचार प्रकाशित करने से पहले अत्यधिक सावधानी बरते
7 असम खदान रेस्क्यूः44 दिन बाद बाकी 5 शव बरामद,पहचान के लिए DNA टेस्ट होगा;6 जनवरी को खदान में फंसे सभी 9 मजूदरों की मौत
8 योगी सरकार का बजट आज,रहा तकनीक पर जोर;दिखा है 2027 के चुनावों की छाप
9 कर्नाटक मुख्यमंत्री को MUDA केस में क्लीन चिट,लोकायुक्त बोलेःसिद्धारमैया,उनकी पत्नी समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ सबूत नहीं
10 टेस्ला के अधिकारी अप्रैल में भारत आएंगे,PMO और मिनिस्ट्री के अधिकारियों से मिलेंगे; महाराष्ट्र-गुजरात में 4 लाख करोड़ निवेश की संभावना
11 चैंपियंस ट्रॉफीः न्यूजीलैंड ने 60 रन से जीता ओपनिंग मैच, बाबर-फखर की धीमी बैटिंग से हारा पाकिस्तान
12 चैंपियंस ट्रॉफीः आज भारत vs बांग्लादेश,इसी टीम को हराकर पिछली बार फाइनल में पहुंची थी टीम इंडिया;बारिश होने की 55% आशंका
13 तानाशाह है जेलेंस्की,बात मान लो नहीं तो देश भी नहीं बचेगा;ट्रंप की खुली धमकी
14 राजस्थान के बीकानेर जिले में गर्दन पर आ गिरी 270kg की रॉड,महिला गोल्ड मेडलिस्ट पॉवर लिफ्टर की मौत
15 पाक में आईडी देख फिर मार डाले पंजाबी,बसों से उतारा और लाइन में खड़ाकर 7 का कत्ल
16 SBI की रिपोर्ट में अनुमान,चालू वित्त वर्ष में 6.3% रहेगी भारत की GDP...
17 बलूचिस्तान में आजादी की आहटःJUI चीफ फजलुर रहमान ने दी बड़ी चेतावनी
18 PAK के बाद अब चीन से दोस्ती बढ़ा रहा बांग्लादेश,इलाज के लिए भेजेगा अपने मरीज
19 बांग्लादेश में छात्रों के बीच हिंसक झड़प,100 से अधिक घायल;कुलपति के इस्तीफे की मांग
20 150 यूनिट फ्री बिजली मिलेगी,बुजुर्गों की पेंशन बढ़ी,1.25 लाख नौकरी देगी राजस्थान सरकार
21 ज्ञानेश कुमार ने चीफ इलेक्शन कमिश्नर का पद संभाला,जनवरी 2029 तक कार्यकाल रहेगा;इस दौरान 20 राज्य,1 केंद्र शासित प्रदेश में इलेक्शन
22 नेपाली स्टूडेंट सुसाइड केस,कॉलेज स्टाफ ने माफी मांगी,प्रदर्शन कर रहे छात्रों से गलत व्यवहार किया था;2 स्टाफ बर्खास्त,2 गार्ड गिरफ्तार
23 पंजाब CM बोलेः राज्य का मुख्यमंत्री नहीं बदलेगा,केजरीवाल हमारी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक;उन्हें पूरे देश में पार्टी चलानी है
24 CBI ने रेलवे भर्ती घोटाला मामले में 4 अधिकारियों पर केस दर्ज किया,5 लाख में परीक्षा पास कराने का आरोप
25 योगी बोलेःसंगम का जल नहाने और आचमन लायक है,नालों के पानी शुद्ध करके ही गंगा में छोड़ रहे;आज महाकुंभ में 1 करोड़ ने डुबकी लगाई
26 प्रधानमंत्री,गृह मंत्री के इशारे पर काम कर रहा है चुनाव आयोगःकांग्रेस
27 रक्षा उद्योग और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढाएंगे भारत और मलेशिया,रक्षा सहयोग समिति की 13वीं बैठक कुआलालंपुर में हुई
28 राजस्थान बजट 2025ःयुवाओं को मिलेगी 1.25 लाख पदों पर नौकरी,1500 नए स्टार्टअप बनेंगे;50 हजार युवाओं को दिया जाएगा कौशल प्रशिक्षण
29 अमेरिका के एरिजोना में दो छोटे विमानों में टक्कर,2 लोगों की मौत
30 पहले बल्लेबाजों ने कूटा,फिर गेंदबाजों ने लूटा,न्यूजीलैंड ने तोड़ी पाकिस्तान की अकड़;60 रनों से मिली हार
31 दिल्ली सरकार में आज नहीं होगा विभागों का बंटवारा,दिल्ली पहुंचे भूटान के प्रधानमंत्री,21 फरवरी को एक कार्यक्रम में होंगे शामिल
32 राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करने पहुंचे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार;तेलंगाना CM रेवंत रेड्डी 'कैश फॉर वोट' स्कैम मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट में होंगे पेश
33 झारखंडःपेपर लीक के आरोप सही पाए जाने के बाद 10वीं का हिंदी और साइंस पेपर रद्द
34 महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को मिली जान से मारने की धमकी,गाड़ी को बम से उड़ाने की धमकी
35 दिल्ली सचिवालय पहुंचीं रेखा गुप्ता,संभालीं CM का कार्यभार
36 चैम्पियंस ट्रॉफीः भारतीय गेंदबाजों ने तोड़ी बांग्लादेश की कमर,शुरुआत में झटके दो विकेट
37 दिल्लीःआज शाम 7 बजे होगी कैबिनेट की पहली बैठक
38 राहुल गांधी ने रायबरेली के चुरुवा हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना
39 बीजेपी के घोषणापत्र और यूपी के आज के बजट में कोई समानता नहींःअखिलेश यादव
40 यूपी में बनाई जाएंगी 58 स्मार्ट सिटी,युवाओं को मिलेगा मुफ्त ब्याज लोन;बजट में बांके बिहारी कॉरिडोर के लिए 150 करोड़ःCM योगी




# माल तेरा मार्केट मेरी, लंच बॉक्स में ड्रग्स सप्लाई, 5 मजबूर महिलाओं की डब्बा कार्टेल का ट्रेलर रिलीज


एक लंचबॉक्स सर्विस के रूप में शुरू होने वाली डब्बा कार्टेल की कहानी जल्द ही क्राइम, धोखे और अस्तित्व के खतरनाक खेल में बदल जाती है. नेटफ्लिक्स के डब्बा कार्टेल का ट्रेलर पांच मिडिल क्लास की महिलाओं के जीवन पर रोशनी डालता है जिसमें उनका टिफिन सर्विस का बिजनेस खतरनाक मोड़ लेता है और उन्हें एक हाई-स्टेक वाले ड्रग कार्टेल की दुनिया में धकेल देता है. ट्रेलर में मुंबई के ठाणे में 5 महिलाओं का एक ग्रूप टिफिन सर्विस चलाता है. हालांक इसके पीछे एक बड़ा खतरनाक सस्पेंस छुपा हुआ है. क्योंकि ये महिलाएं टिफिन सर्विस की आड़ में ग्राहकों तक ड्रग्स पहुंचा रही हैं. लेकिन जल्द ही इसका खुलासा हो जाता है और ये महिलाएं बड़ी दुविधा में फंस जाती है. जाहिर तौर पर ट्रेलर काफी दिलचस्प है और सीरीज भी एंटरटेनिंग लग रही है. जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, महिलाएं और उनके पति खुद को कहीं खतरनाक परिस्थिति में उलझा हुआ पाते हैं. शबाना आजमी, गजराज राव, ज्योतिका, निमिषा सजयान, शालिनी पांडे, अंजलि आनंद, सई ताम्हणकर, जिशु सेनगुप्ता, लिलेट दुबे और भूपेंद्र सिंह जादावत जैसे शानदार कलाकारों से सजी सीरीज ठाणे के उस इलाके की झलक दिखाती है जहां सपनों को हर मोड़ पर खतरे का सामना करना पड़ता है. डब्बा कार्टेल नेटफ्लिक्स पर 28 फरवरी को रिलीज होने के लिए तैयार है. फिल्म को हितेश भाटिया ने डायरेक्ट किया है और इसे फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी ने प्रोड्यूस किया है. सीरीज की निर्माता शिबानी अख्तर ने कहा, डब्बा कार्टेल के साथ, हम हाउस वाइफ की यात्रा का पता लगाना चाहते थे. यह दोस्ती, धोखे और पावर की कहानी है. जो एक ऐसी दुनिया की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसका हिस्सा होने की उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी. हम दर्शकों को इस सीरीज के रोमांचकारी एक्सपीरियंस पर ले जाने का इंतजार नहीं कर सकते हैं.

# सलाम-ए-इश्क में एक सीन करने के दौरान डर गईं थीं अंजना सुखानी


## बोलीं- जबरदस्ती करना पड़ा



निखिल आडवाणी की फिल्म सलाम-ए-इश्क में नजर आईं अभिनेत्री अंजना सुखानी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि फिल्म के सेट पर उनका अनुभव बहुत खराब रहा। अंजना ने कहा कि निखिल उनके साथ बहुत बुरे और स्ट्रिक्ट रहे। उन्होंने बताया कि बिना किसी पूर्व चेतावनी के लिए अनिल कपूर के साथ किसिंग सीन करने के लिए मजबूर किया गया। अंजना ने कहा कि उन्हें इस मांग को मानसिक रूप से समझने का कोई समय नहीं दिया गया और उनके आसपास के लोगों ने शायद यह मान लिया कि वे नई आईं हैं, इसलिए कुछ भी करने से मना नहीं करेंगी। अंजना ने कहा कि वह रोना चाहती थीं और उन्हें ऐसा नहीं लगा कि उनके पास मना करने की शक्ति है इसलिए वह मान गईं। अंजना ने कहा कि जब कोई नया इंडस्ट्री में आता है, तो दूसरे लोग सोचते हैं कि वे उनके साथ बुरा व्यवहार करके बच सकते हैं क्योंकि उन्हें इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या स्टार किड्स के साथ भी ऐसा ही व्यवहार किया जाता है तो अंजना ने जबरदस्ती करवाए गए किसिंग सीन के बारे में बात की। अंजना ने कहा, मुझे किस के बारे में अंत तक नहीं बताया गया, जब तक कि हम सीन करने के लिए सेट पर नहीं गए, मुझे नहीं बताया गया। एक स्टार किड के साथ ऐसा नहीं होगा, है न? अंजना से इस बारे में सवाल उठाने को लेकर सवाल किए गए तो उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसा करने की स्थिति में थी। मैं घबराई हुई थी, अभिभूत थी, मेरे आस-पास कोई भी नहीं था जिससे मैं इस बारे में किसी से बात कर पाती। मुझे बस इतना बताया गया कि तुम्हें यही करना है।




# इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहन प्रज्ञा जैसवाल ने दिए सिजलिंग पोज, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख यूजर्स हुए बेकाबू




बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने लुक्स को लेकर चर्चाओं में रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने बोल्ड और हॉट लुक्स से सोशल मीडिया पर फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं। उनका ग्लैमरस लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल जब भी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहना हुआ है। जिसमें डीपनेक ब्लाउज और ऊपर से श्रग पहन कर उन्होंने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। गले में नेकलेस, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने इस आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही छा जाता है। प्रज्ञा जैसवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। वो भले ही इन दिनों फिल्मों में नहीं दिखाई दे रही हैं, लेकिन आए दिन अपनी फोटोज से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं।



# छावा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 4: छत्रपति संभाजी महाराज का क्रेज बरकरार, 200 करोड़ी क्लब में शामिल होने के लिए तैयार

विक्की कौशल की हिस्टोरिकल ड्रामा छावा बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है, और इसका क्रेज कम होने का नाम नहीं ले रहा है. लक्ष्मण उटेकर की निर्देशित फिल्म ने दुनियाभर में जहां 2 दिनों में 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया है, वहीं, घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फाइटर जैसी फिल्म को पछाड़ हुए पहले वीकेंड में 100 करोड़ से ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म की लिस्ट में शामिल हो गई. फिल्म की असली परीक्षा पहले सोमवार को हुई, जिसमें फिल्म खरी उतरी है. हालांकि, सोमवार 17 फरवरी को छावा की कमाई में गिरावट आई है, लेकिन फिल्म डबल डिजिट में कमाई करने में सफल रही है. 14 फरवरी को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई विक्की कौशल-रश्मिका मंदाना की डिस्टोरिकल पीरियड ड्रामा छावा ने पहले दिन 33.10 करोड़ रुपये की कमाई. वहीं दूसरे दिन फिल्म ने 39.30 करोड़ रुपये के साथ दर्शकों के दिलों पर छाई रही. छावा का क्रेज संडे को काफी देखने को मिला. तीसरे दिन छावा ने 49.03 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. हालांकि 50 करोड़ रुपये से यह चूक गई लेकिन तीन दिनों में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही. जी हां, पहले वीकेंड में ही छावा ने भारत में 121.43 करोड़ रुपये का टोटल कलेक्शन किया. छावा की असली परीक्षा पहले मंडे को हुआ, जिसमें वह खरी उतरी. सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, छावा ने भारत में अपने पहले सोमवार को 24 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया, जिससे शुरुआती अनुमानों के आधार पर इसकी कुल कमाई 145.43 करोड़ रुपये हो गई. उम्मीद है कि यह मंगलवार को 150 करोड़ का आंकड़ा आसानी से पार कर जाएगी. वहीं, बुधवार को यानी रिलीज के 5वें दिन हॉलीडे (छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती) में फिर से रिकॉर्ड तोड़ कमाई देखने को मिल सकती है. अगर यह अनुमान सही रहा तो छावा 5 दिनों में भारत में 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा आसानी से पार कर जाएगी. छावा ने चौथे दिन भी बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़े हैं. सैकनिल्क रिपोर्ट के मुताबिक, छावा ने रणवीर सिंह की सिंबा (2018), पीके, धूम 3 जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है. सिंबा ने पहले मंडे टेस्ट में 21.24 करोड़ रुपये, पीके ने 21.22 करोड़ रुपये और धूम 3 ने 2091 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था. सैकनिल्क के अनुसार, छावा अपने शुरुआती वीकेंड में दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 164.75 करोड़ रुपये कमाकर इस साल की सबसे अधिक कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है. फिल्म ने 3 दिनों में विदेशों में 25 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है. छावा में विक्की कौशल छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में मुख्य भूमिका में हैं, जो कि श्रद्धेय छत्रपति शिवाजी महाराज के वीर पुत्र हैं. यह फिल्म मराठा साम्राज्य को मुगल शासक औरंगजेब से बचाने के लिए उनके वीरतापूर्ण युद्ध को दर्शाती है. इस फिल्म में रश्मिका मंदाना संभाजी की पत्नी, येसुबाई और अक्षय खन्ना औरंगजेब की भूमिका में हैं.




स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।